

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, रविवार 13 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष -42 ■ अंक-165 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 14 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

ब्रिक्स सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा

# भारतीय संस्कृति में प्रकृति को मां का दर्जा

## हमारी मान्यता कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं



**नई दिल्ली, 13 सितंबर।** 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन ओपन सेशन में पीएम मोदी ने वैश्विक नेताओं को संबोधित किया. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि छोटे उद्यमों को नॉलेज, फाइनेंस और नए मार्केट से जोड़ने के लिए ब्रिक्स MSME कोऑपरेशन पोर्टल की पहल की गई है. पीएम ने दुनिया के शीर्ष नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति को मां का दर्जा दिया गया है, और हमारी यही मान्यता रही है कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विकल्प नहीं बल्कि पूरक हैं. भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में इस बड़े आयोजन में ब्रिक्स देशों के शीर्ष नेता और खास मेहमान एक मंच पर जुटे हैं. इस अहम बैठक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और दक्षिण अफ्रीका, ईरान व मिस्र के राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा ले रहे हैं.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित इस महासम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन वैश्विक विकास, नवाचार, सतत विकास और भविष्य की चुनौतियों पर व्यापक मंथन हुआ. शिखर सम्मेलन के मुख्य ओपन सेशन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कई महत्वपूर्ण वैश्विक पहलों की रूपरेखा रखी.

पीएम मोदी ने वैश्विक लीडर्स को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रिक्स की बढ़ती ताकत, आकर्षण और अभूतपूर्व विश्वास इस बात का प्रमाण है कि आज ये सभागार अलग-अलग महाद्वीपों, संस्कृतियों और विकास यात्राओं को एक साथ जोड़ रहा है. शिखर सम्मेलन के मुख्य ओपन सेशन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कई महत्वपूर्ण वैश्विक पहलों की रूपरेखा रखी. पीएम मोदी ने कहा कि आज के टर कनेक्टर वर्ल्ड में कोई भी संकट एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता. इसलिए हमले ब्रिक्स समूह में लचीलापन बढ़ाने पर विशेष बल दिया है.आज होने वाले इस ओपन सेशन का थीम रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटीः शेपिंग द फ्यूचर फॉर इनक्लूसिव ग्लोबल ग्रोथ रखा गया है. उन्होंने कहा कि डिजिटल कृषि पर आधारित ब्रिक्स नेटवर्क और एआई, जियोस्पेशियल तकनीक को किसानों की वास्तविक जरूरतों के साथ जोड़ने से कृषि क्षेत्र में नए अवसर पैदा होंगे.

### मोदी का भाषण सुनकर ताली बजाने लगे जिनपिंग-पुतिन

नईदिल्ली, 13 सितंबर। पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिक्स कोऑपरेशन को और सुदृढ़ करने की प्राथमिकताएं समाहित है। यदि किसी सदस्य को कोई आपत्ति ना हो तो मैं डिक्लेरेशन को एडप्ट करने का प्रस्ताव रखता हूं। किसी सदस्य की ओर से आपत्ति व्यक्त नहीं की गई है। न्यू दिल्ली डिक्लेरेशन 2026 को सर्वस्मति से एड किया जाता है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं सबको रिक्वेस्ट करता हूं जरा अपने टेबल पर इसको प्लीज आप सब से मेरा अनुरोध है कि इसको आप इस प्रकार से खोल करके थैंक फ्रेंड्स आज की हमारी बैठक अत्यंत सार्थक और रचनात्मक रही। हमारे



विचारों की विविधता के साथसाथ ब्रिक्स सहयोग के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता भी स्पष्ट रूप से सामने आई है। आज की चर्चा से स्पष्ट है कि बदलते हुए विश्व का संचालन पुराने संस्थानों से नहीं किया जा सकता। रिप्रेजेंटेशन रिस्पांसिवनेस और रूल मेकिंग तीनों में सुधार आवश्यक है। हमने इस बात पर भी बल दिया कि भविष्य की टेक्नोलॉजी और उनके नियमों के निर्माण में ग्लोबल साउथ की बराबर भागीदारी होनी चाहिए। निर्णयों और उनके परिणामों के बीच जो दूरी बनी हुई है उसे पार्टनरशिप और कलेक्टिव एक्शन से काम करना होगा। आज एडप किया गया न्यू दिल्ली डिक्लेरेशन हमारे साझा संकल्प को स्पष्ट दिशा देता है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि इन संकल्पों को ठोस परिणामों में बदले। ब्रिक्स चेयर के रूप में आपके बहुमूल्य योगदान, कंस्ट्रक्टिव स्पिरिच और आपकी प्रतिबद्धता के लिए मैं आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। इसी के साथ इस सेशन के समापन की घोषणा करता हूं।

### पुतिन ने हाथ उठाकर डोभाल का किया अभिवादन

कूटनीति की दुनिया में कोई राष्ट्र अध्यक्ष जब किसी देश के सुरक्षा सलाहकार को इस तरह व्यक्तिगत तौर पर अहमियत देता है तो यह बहुत बड़ी बात मानी जाती है। लेकिन यहां आपको जानना चाहिए कि पुतिन और डोभाल में एक खास कनेक्शन है या यूं कहें कि खुफिया कनेक्शन है। जब रूस के राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात हुई तो यह तस्वीर दुनिया ने देखी। इस मुलाकात की गर्मजशी पर खूब चर्चा हुई। लेकिन इस हाई प्रोफाइल फ्रेम में सबसे बड़ा ट्विस्ट तब आया जब पीएम मोदी से बात करते-करते पुतिन की नजर पीछे खड़े अजीत डोभाल पर गई। पुतिन और डोभाल दोनों के चेहरे पर एक गहरी मुस्कान तैर गई। पुतिन ने अपना हाथ ऊपर उठाकर एक खास अंदाज में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का अभिवादन किया। कूटनीति की दुनिया में कोई राष्ट्र अध्यक्ष जब किसी देश के सुरक्षा सलाहकार को इस तरह व्यक्तिगत तौर पर अहमियत देता है तो यह बहुत बड़ी बात मानी जाती है।





# सड़क की हालत देखकर गृहमंत्री भी आश्चर्यचकित

## विजय शर्मा ने काफिला रुकवाकर अधिकारियों को दिए तत्काल मरम्मत के निर्देश

**कवर्धा, 13 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा में NH-30 की बदहाली देखकर उपमुख्यमंत्री और जिले के विधायक विजय शर्मा का काफिला अचानक रुक गया। सड़क पर जगह-जगह जलभराव, जर्जर हिस्से और वाहनों की लंबी कतार देखकर विजय शर्मा ने खुद मौके पर उतरकर हालात का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

दरअसल, पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते नेशनल हाईवे-30 रायपुर-जबलपुर मार्ग पर राहगीरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सड़क पर जगह-जगह जर्जर हिस्से और पानी का भराव होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। वहीं, हाईवे पर बड़े वाहनों की लंबी कतारें लगने से यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती नजर आई। इसी दौरान विजय शर्मा इसी मार्ग से गुजर रहे थे। उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाकर मौके पर सड़क की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल मरम्मत और आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# नदी में बहे तीनों युवकों के शव बरामद

**जांजगीर-चांपा, 13 सितंबर।** जिले के देवरी पिकनिक स्पॉट में हसदेव नदी के तेज बहाव में बहे तीनों युवकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। तीनों शवों को बलौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। वही पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है। बता दें कि घटना बलौदा थाना क्षेत्र की है। बिलासपुर के चौकसे कॉलेज के बी फार्मा फर्स्ट ईयर के 4 छात्र और 4 छात्राएं शुक्रवार को पिकनिक मनाने के लिए देवरी गांव आए थे। पवन लाल, सचिन सिंह और मुरारी साहू सेल्फी लेने नदी किनारे खड़े हुए थे। इस दौरान एक छात्र का पैर फिसला और वह नदी में बहने लगा। उसे बचाने के लिए पानी में उतरे दो दोस्त भी बह गए थे। सूचना पर बलौदा थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया, जिसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। शनिवार को पवन का शव बरामद कर लिया गया था, जबकि रविवार सुबह एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीम ने दो और शवों को नदी से बाहर निकाला।जानकारी के अनुसार, अंबिकापुर निवासी सचिन सिंग का शव सुबह करीब 6:15 बजे बरामद हुआ। इसके बाद मुरारी साहू का शव करीब 7 बजे मिला। बताया जा रहा है कि मुरारी साहू का शव घटनास्थल पर पत्थरों के बीच बनी खोह में फंसा हुआ था। एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीम ने काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला।

### पिकअप की टक्कर से भाई-बहन की मौत

**धमतरी, 13 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के बालोद में तीज त्योहार पर गांव लौट रहे बाइक सवार भाई-बहन की सड़क हादसे में मौत हो गई. मोखा से बड़े गौरी गांव लौटने के दौरान पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. मृतकों की पहचान दामेश्वर सिन्हा और नीता सिंह के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक, घटना पुरूर थाना क्षेत्र की है. बड़े गौरी गांव से दामेश्वर सिन्हा अपनी बहन नीता को तीजा के अवसर पर लाने के लिए शनिवार को मोखा गांव आए थे. वापसी के दौरान पुरूर के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. दोनों सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गए. घटना के बाद मौके पर राहगिरों ने पुलिस को सूचना दी. दोनों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया. जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई. इस दर्दनाक हादसे की जानकारी के बाद परिजनों में शोक का माहौल है. शवों के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है. टक्कर मारने के बाद पिकअप को छोड़कर चालक मौके से भाग निकला. पुलिस वाहन जब्त कर थाने लेकर आ गई है और चालक की पतासाजी में जुटी हुई है. हादसे के कारणों की जांच जारी है.

### भोपाल-दिल्ली फ्लाइट की जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

**भोपाल, 13 सितंबर।** भोपाल से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट AI1886 में अचानक आई तकनीकी खराबी के बाद उसे जयपुर डायवर्ट कर दिया गया। इंजन में गड़बड़ी की सूचना मिलते ही विमान को दिल्ली ले जाने के बजाय जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एहतियातन इमरजेंसी लैंडिंग कराने का फैसला लिया गया। एयर इंडिया की इस फ्लाइट ने भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से सुबह 8:47 बजे उड़ान भरी थी। इसका निर्धारित समय सुबह 8:25 बजे था। विमान को तय समय के अनुसार सुबह 9:55 बजे दिल्ली उतरना था। उड़ान के दौरान ही इंजन में खराबी का पता चलने के बाद सुरक्षा के लिहाज से पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया और विमान का रूट जयपुर की तरफ मोड़ दिया।जयपुर एयरपोर्ट पर जरूरी सुरक्षा इंतजामों के बीच विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फिलहाल ग्राउंड स्टाफ और एयरलाइंस की टेक्निकल टीम विमान की जांच में जुटी है। विमान में सवार सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा व स्थिति को लेकर आधिकारिक विस्तृत जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

### मूसेवाला के करीबी सिंगर गुलाब सिद्धू के घर चलीं ताबड़तोड़ गोलियां

**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** पंजाब के बरनाला से एक बड़ी खबर सामने आई है। मशहूर सिंगर गुलाब सिद्धू के घर शनिवार देर रात फायरिंग की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि तीन नकाबपोश लोगों ने घर के बाहर करीब 8 राउंड गोलियां चलाईं। घटना के समय सिंगर का पूरा परिवार घर के अंदर ही मौजूद था। बता दें कि, गुलाब सिद्धू दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के करीबी दोस्त हैं।

बरनाला पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, यह घटना रात करीब 1 बजकर 33 मिनट पर हुई। फुटेज में तीन नकाबपोश लोग गुलाब सिद्धू के घर के बाहर फायरिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। गुलाब सिद्धू दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के करीबी माने जाते हैं।

# कंटेनर से 120 किलो गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**महासमुंद, 13सितंबर।** महासमुंद जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन निश्चय के तहत सिंघोड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एनएच-53 पर रेहटीखोल के पास पुलिस ने एक कंटेनर से 120 किलो 60 ग्राम गांजा बरामद किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हरे-पीले रंग के कंटेनर क्रमांक GJ 06 AV 4815 को रोककर तलाशी ली। कंटेनर के पिछले हिस्से में चार प्लास्टिक बोरियों से 120.060 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 60 लाख 3 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के मुताबिक गांजा ओडिशा के संबलपुर से गुजरात ले जाया जा रहा था। मामले में गुजरात निवासी वसीम शाह और अय्युब खान



को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गांजे के अलावा दो मोबाइल और कंटेनर वाहन भी जब्त किया है। जब्त संपत्ति की कुल कीमत 70 लाख 8 हजार 500 रुपये आंकी गई है।

# एकलव्य विद्यालय प्रकरण पर मुख्यमंत्री की सख्ती

**तरुण छत्तीसगढ़ बीजापुर, 13 सितंबर।** बीजापुर के रुद्रारम स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय में छात्राओं से कथित दुर्व्यवहार की शिकायत अब मुख्यमंत्री स्तर तक पहुंच गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर कलेक्टर विश्वदीप और पुलिस अधीक्षक को पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा और गरिमा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। मामले में सात बच्चों के पालकों की ओर से शिकायत किए जाने और शिक्षक पर वर्ष 2024 से कथित रूप से अनुचित व्यवहार के आरोप लगाए जाने के बाद प्रशासनिक स्तर पर जांच शुरू हो चुकी है। अब मुख्यमंत्री के सीधे संज्ञान के बाद इस प्रकरण में जिम्मेदारी तय होने की उम्मीद बढ़ गई है।

**'शिकायत दबाई तो जिम्मेदार भी नहीं बचेंगे'**-मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दुर्व्यवहार, उत्पीड़न या असुरक्षित वातावरण से जुड़ी किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में शिकायत की अनदेखी, उसे दबाने का प्रयास या कार्रवाई में लापरवाही सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों की भी जवाबदेही तय की जाए। यह निर्देश इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पालकों की शिकायत में विद्यालय प्रबंधन पर मामले को गंभीरता से नहीं लेने और बच्चों को कथित रूप से डराने-धमकाने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

**दो साल पुराने दावे ने बढ़ाई चिंता**-पालकों की शिकायत के मुताबिक शिक्षक पर वर्ष 2024 से बच्चों को कथित रूप से परेशान करने के आरोप लगाए गए हैं। बच्चों द्वारा अपने पालकों को जानकारी देने के बाद मामला प्रशासन तक पहुंचा। अब जांच में यह भी स्पष्ट होना है कि शिकायतें पहले किस स्तर पर पहुंचीं, उन पर क्या कार्रवाई हुई और यदि कोई शिकायत मिली थी तो उसे समय पर उच्च अधिकारियों तक क्यों नहीं पहुंचाया गया।

**कलेक्टर-एसपी करेंगे जांच, दोषी मिले तो होगी कार्रवाई**-सहायक आयुक्त देवेंद्र कुमार सिंह पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि शिक्षक के खिलाफ बेड टच संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है और एसडीएम मामले की जांच कर रहे हैं। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अब मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रशासन और पुलिस दोनों स्तरों पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

**सिर्फ बीजापुर नहीं, पूरे प्रदेश के छात्रावासों पर नजर**-मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण के साथ ही प्रदेशभर के बालिका छात्रावासों, आश्रमों और आवासीय विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के निर्देश दिए हैं। सभी कलेक्टरों को इन संस्थानों का नियमित निरीक्षण करने, अधीक्षकों और जिम्मेदार कर्मचारियों की उपस्थिति जांचने तथा परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और शिकायत निवारण प्रणाली की समीक्षा करने को कहा गया है।

**'बच्चियां बिना डर अपनी बात कह सकें'**-मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिसमें छात्राएं बिना भय और संकोच के अपनी बात रख सकें। बच्चों की शिकायतों को केवल शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई तक सीमित नहीं रखा जाए, बल्कि नियमित निरीक्षण, सतत संवाद और प्रभावी निगरानी के माध्यम से समस्याओं की पहचान पहले ही की जाए। उन्होंने जरूरत पड़ने पर पीड़ित छात्राओं को काउंसलिंग और अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।

## फुटबाल के महान खिलाड़ी - लियोनल मैसी ने ली खेल से विदाई

# आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए होंगे आदर्श

**जसवंत कुमार क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर, रायपुर, छ ग**

दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में शामिल 12 देशों में से एक अर्जेंटीना है। दक्षिण अमेरिका के सभी देशों में फुटबाल एक लोकप्रिय खेल है। अब तक हुए 23 फीफा विश्वकप में से 10 में दक्षिण अमेरिका महाद्वीप की तीन टीम ब्राजील, अर्जेंटीना व उरुग्वे विजयी रही है है। इसमें से ब्राजील ने पांच बार, (1958, 1962, 1970, 1994) अर्जेंटीना ने 3 बार जबकि उरुग्वे ने 2 बार (1930, 1950) में जीता है। अर्जेंटीना ने 1978, 86, 20 22 में यह खिताब जीता है। अर्जेंटीना की ओर से सर्वाधिक लोकप्रिय खिलाड़ियों में लियोनल मैसी जाने जाते हैं। उनकी कप्तानी में 2022 में अर्जेंटीना ने फीफा विश्वकप पर कब्जा जमाया, जबकि 2014, 2026 में उप विजेता रही। लगभग 5 करोड़ की आबादी वाला अर्जेंटीना देश 1930, 1990 में भी उपविजेता रही थी। कीर्तिमान पर नजर डालने से स्पष्ट है कि लियोनल मैसी के टीम में रहते हुए 2006 से 2026 तक अर्जेंटीना की टीम एक बार विजेता और दो बार उपविजेता रही। हालांकि बहु खिलाड़ी वाले खेल में जीत का श्रेय किसी एक सदस्य को नहीं दिया जाता परंतु लियोनल मैसी के प्रदर्शन पर ध्यान देने से इस बात की पुष्टि हो जाती है। 24 जून 1987 को अर्जेंटीना के रोसारियो में जन्म लेकर आर्थिक पिछड़ेपन के शिकार होते हुए भी उन्होंने फुटबाल को अपना जीवन समर्पित कर दिया। 5 फुट 7 इंट ऊंचे, फारवर्ड की पोजीशन से खेलने वाले मैसी ने सिर्फ 16 वर्ष की उम्र में 2003-2004 से फुटबाल क्लब से जुड़कर निरंतर फुटबाल मैच में भाग लेना शुरू किया और 2004-05 में पहली बार अर्जेंटीना की अंडर-20 टीम के लिए चुने गये फिर उन्होंने पीछे मुड़ कर देखने से अच्छा आगे देखना पसंद किया और 2005 से 2026 तक अर्जेंटीना की सीनियर टीम के सदस्य रहे। इस दौरान मैसी ने अपने देश के लिए 207 मैच खेलकर 125 गोल दागे। फुटबाल जैसे तेज खेल में 21 वर्ष तक लगातार मैदान में अपने देश की टीम में शामिल रहना सचमुच असाधारण उपलब्धि है। एक फुटबाल मैच में हार जीत के लिए फारवर्ड खिलाड़ी की भूमिका निर्णायक होती है। सबसे बड़ी बात उसे शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त (फिट) होना चाहिए। फारवर्ड खिलाड़ी में दमखम (स्टेमिना) का होना बहुत जरूरी है। मैसी को इन दोनों ही



मामले में ईश्वर का वरदान प्राप्त था। ऐसा कभी नहीं हुआ कि वे किसी अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में स्वास्थ्य में गिरावट की वजह से भाग नहीं ले सके। एक फुटबाल मैदान की औसतन लंबाई 100 मीटर तथा चौड़ाई 75 मीटर तक होती है। निर्धारित समय 90 मिनट तक फुटबाल खिलाड़ी द्वारा गेंद को गोल पोस्ट डालने के लिए लगातार दौडऩा-भागना पड़ता है। अनुमानतः एक फुटबाल खिलाड़ी को प्रत्येक मैच में करीब 15 से 25 किलोमीटर तक दौड़ लगानी पड़ती है। मैसी ने 207 मैच विश्वकप के अलावा पूरे जीवनकाल में करीब 840 मैच खेला है जिसमें वे अपने प्रतिद्वंद्वी पर 717 गोल दागने में सफल हुए .स्पष्ट है इस दृष्टि से लियोनल मैसी ने एक मैच में कम से कम 15 किमी की दौड़ लगाई तो अपने जीवनकाल में फुटबाल मैदान में मैच में लगभग 12600 किमी की दौड़ लगाई। ऐसे महान खिलाड़ी ने विगत दिनों फुटबाल से दूरी बना ली।ताकि उभरती हुई अन्य प्रतिभा को अवसर मिल सके . मैसी के पिछले 22 वर्षों के प्रदर्शन को देखते हुए ईएसपीएन ने 2024 में उन्हें 21वीं सदी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना। 2025 में उन्हें आईएफएफएसएच द्वारा दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। मैसी को फीफा द्वारा आठ बार दुनिया का बेहतरीन खिलाड़ी भी घोषित किया गया। फुटबाल के फारवर्ड खिलाड़ी को मैच के दौरान खेल मैदान में चौकन्ना होना पड़ता है। अतः उसे मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है। साथ ही विपक्षी टीम की रणनीति और उसको तुरंत असफल करने का निर्णय लेने की दो क्षमता ने मैसी को महान फुटबॉलर बनाया। गोल के करीब जाकर अंतिम किक पर गेंद को गोलपोस्ट में डालने की अद्भुत कला में वे माहिर थे। ऐसे महान खिलाड़ी का खेल से सन्यास लेना एक बड़ी कमी है जिसे भरने के लिए फुटबाल खिलाड़ियों को ना जाने कितना समय लगेगा. मैसी की जीवनी पढ़कर हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि सिर्फ फुटबाल ही नहीं प्रत्येक खेल के खिलाड़ियों के लिए लियानेल मैसी आदर्श बने रहेंगे।

## एक नजर

### गांजा बरामद,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 13 सितंबर (तछसं.)।** दुर्ग सर्किट हाउस के पीछे गांजा बिक्री की तैयारी कर रहे दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के पास से 6.194 किलोग्राम गांजा जिसकी कीमत लगभग 3 लाख रुपए है को जब्त किया गया है मोहन नगर पुलिस को सूचना मिली कि सर्किट हाउस के पीछे दो आरोपी मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी जी बाप जी निवासी कैंप एक सुंदर नगर थाना छावनी तथा इम्तियाज उर्फ राजू निवासी कैंप एक सुंदर नगर छावनी को गिरफ्तार किया। उनके पास से कुल 6.194 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

### पत्नी की आत्महत्या के मामले में पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 13 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के ग्राम उमरपोटी में नवविवाहिता की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति के खिलाफ दहेज मृत्यु का अपराध दर्ज किया है आरोप है कि पति दहेज में कार नहीं मिलने की बात को लेकर पत्नी से विवाद करता था और उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था मर्ग जांच में मिले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर उतई थाने पुलिस ने आरोपी पति विपुल यादव के खिलाफ धारा 80 (2) बीएनएस के तहत दहेज मृत्यु का अपराध दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है उतई टीआई मोहन भारद्वाज ने बताया ग्राम उमरपोटी में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी सूचना मिलने के बाद उतई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मर्ग जांच के दौरान मृतिका के परिजनों और संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए गए उपलब्ध साक्ष्यों की जांच में दहेज को लेकर प्रताड़ना के तथ्य सामने आने की बात पुलिस ने कही है जांच में सामने आया कि मृतिका का विवाह विपुल यादव ( 25 साल ) निवासी फेस-1 वेदांत नगर, ग्राम उमरपोटी के साथ करीब एक वर्ष पहले हुआ था वहीं 22 अप्रैल 2026 को गौना होने के बाद वह ससुराल आई थी आरोपी पति द्वारा पत्नी के मायके से दहेज में कार नहीं मिलने की बात को लेकर बार-बार विवाद किया जाता था उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने का भी आरोप है। घटना से एक दिन पहले भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होने और आरोपी के घर से चले जाने की जानकारी जांच में सामने आई ।

### पुलिस ने अभियान चलाकर 50 हिस्ट्रीशीटरों का बाउंड ओवर,एमसीयू कराया



**भिलाई, 13 सितंबर (तछसं.)।** अपराधों की पुनरावृत्ति रोकने और सक्रिय गैंग हिस्ट्रीशीटरों पर शिकंजा कसने दुर्ग पुलिस ने शुक्रवार और शनिवार की देर रात विशेष अभियान चलाया विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने सक्रिय व स्थायी गैंग हिस्ट्रीशीटरों की पहचान कर उनके आपराधिक रिकॉर्ड और मौजूदा गतिविधियों की जानकारी जुटाई करीब 50 गैंग हिस्ट्रीशीटरों का बाउंड ओवर और एमसीयू कराया गया। पुलिस के अनुसार जिले में अब तक 2100 से अधिक आदतन बदमाशों और गैंग हिस्ट्रीशीटरों का एमसीयू कराया जा चुका है पुलिस इन के संपर्कों और गतिविधियों पर नजर रख रही है। थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पहचान, चेकिंग और रिकॉर्ड सत्यापन की कार्रवाई जारी है ।

# विद्यार्थियों को सीमित करना चाहिए मोबाइल का उपयोग:प्राचार्य



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 सितंबर।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर में प्राचार्य डॉ. श्रीमती अलका मेश्राम की अध्यक्षता में दीक्षारंभ 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। नैक समन्वयक डॉ. मेरेली रॉय ने छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। एनईपी एवं पीएम ऊषा समन्वयक डॉ. संजय दास, आईक्यूएसी प्रभारी सुश्री शैल शर्मा, एनसीसी प्रभारी महेश अलेंद्र, एनएसएस प्रभारी सुरेश ठाकुर, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. अजय मनहर, ग्रंथपाल दानेश्वर वर्मा, क्रीड़ाधिकारी यशवंत देशमुख तथा छात्रवृत्ति प्रभारी श्रीमती सुनीता कटरे ने अपने-अपने विभागों की गतिविधियों एवं सुविधाओं का प्रस्तुतिकरण किया। प्राचार्य डॉ. श्रीमती अलका मेश्राम ने छात्र-छात्राओं को महाभारत के प्रेरणादायी प्रसंग सुनाते हुए जीवन में व्यवहारिक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने मोबाइल के बढ़ते उपयोग के दुष्परिणामों से आगाह करते हुए कहा कि छात्र जीवन में एकाग्रचित्त होकर अध्ययन करना आवश्यक है और मोबाइल इसमें बाधक बन सकता है। इसलिए विद्यार्थियों को मोबाइल के उपयोग को सीमित करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सभी छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। मंच संचालन डॉ. अल्पा श्रीवास्तव ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. अमृतेष शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ कैलाश शर्मा, डॉ नीता डेनियल, प्रो सुशीला शर्मा, प्रो कौशल्या शास्त्री, डॉ एम एस पटेल, डॉ आरती दीवान , डॉ रबिन्दर छाबड़ा, डॉ चांदनी मरकाम, प्रो अत्रिका कोमा, डॉ निशा गुप्ता, डॉ संतोष अग्रवाल, डॉ खेमराज चंद्राकर, डॉ रमा बैनर्जी, सुश्री सिम्मी गहलोत, महाविद्यालय के कार्यालयीन स्टाफ, सभी कर्मचारी तथा अधिक संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



**गणेश उत्सव की तैयारी**

**भिलाई, 13 सितंबर।** सड़क किनारे विघ्नहर्ता गणेश जी की विभिन्न साइजों एवं रंग-रोगनों से सजीं आकर्षक प्रतिमाएं, खरीदारी के लिए उमड़ने लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

# महा तीज तेजस्विनी कार्यक्रम में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 सितंबर।** भिलाई महिला समाज द्वारा अंतरशाखीय युगल नृत्य प्रतियोगिता एवं महा तीज तेजस्विनी-2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भिलाई महिला समाज के सभी दस क्लबों की तीज विजेताओं एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महिला समाज की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती छवि निगम, उपाध्यक्ष श्रीमती मोली चक्रवर्ती, श्रीमती केका सरकार, श्रीमती पूनम कुमार, डॉ. स्मिता भास्कर एवं श्रीमती आभा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। युगल नृत्य प्रतियोगिता के निर्णायक सुश्री गुंजन चौहान चंदेल एवं सुश्री सुनयना जसबीर थीं। तेजस्विनी दिवा-2026 का खिताब मरोदा क्लब की श्रीमती सोमा दाम ने जीता। नेहरू नगर क्लब की श्रीमती संगीता कौर प्रथम उपविजेता तथा स्मृति नगर स्वागतम क्लब की श्रीमती बरखा गौड़ द्वितीय उपविजेता रहीं। जजेज च्वाइस सम्मान श्रीमती चेतना देवांगन एवं श्रीमती आशा सिरमोर को प्रदान किया गया। अंतरशाखीय युगल नृत्य प्रतियोगिता में सेक्टर-10बी क्लब ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्मृति नगर क्लब द्वितीय तथा मरोदा क्लब तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम का संचालन सुश्री प्रिया पगारे ने किया। अंत में सुश्री जेस्सी सुनील ने आभार व्यक्त किया।

### श्रीगणेश चतुर्थी पर 14 सितंबर को मांस-मटन की दुकानें रहेंगी बंद

**दुर्ग,13 सितंबर।** नगर पालिक निगम। राज्य शासन/स्थानीय शासन विभाग के परिपत्र क्रमांक 906/69/मं./18-3/90 दिनांक 18/05/1990 के प्रावधानों के अनुसार नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा श्रीगणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर निगम सीमा क्षेत्र में संचालित समस्त पशु वध गृह एवं मांस बिक्री की दुकानों को दिनांक 14 सितंबर, सोमवार को पूर्णतः बंद रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# नक्सलमुक्त बस्तर के संदेश के साथ दौड़े युवा बारिश के बीच फहराया 51 फीट का भगवा ध्वज




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 सितंबर।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा सेवा, खेल और सनातन संस्कृति को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समिति की युवा शाखा के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय के जन्मदिवस के अवसर पर सुबह रन भिलाई रन-द स्टील सिटी रन मैराथन आयोजित हुई, जबकि शाम को भारी बारिश के बीच सेक्टर-9 चौक पर 51 फीट ऊंचे भगवा ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। आई लव भिलाई चौक, सिविक सेंटर से 5 किलोमीटर की मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मैराथन की थीम नक्सल मुक्त बस्तर रही। विजेताओं को समिति के संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बस्तर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे युवाओं के साथ आदिवासी एवं अनाथ बच्चों की सहभागिता का स्वागत करते हुए शांति, विकास और उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया। मनीष पाण्डेय ने कहा कि मैराथन केवल स्वास्थ्य और फिटनेस का आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं की ऊर्जा, एकता तथा नक्सल मुक्त, विकसित और शांतिपूर्ण बस्तर के संकल्प का प्रतीक है। प्रतिभागियों ने भी नक्सल मुक्त एवं विकसित बस्तर के निर्माण में सहभागिता का संकल्प लिया। पुरुष वर्ग में बिलासपुर के मनीष ने प्रथम, भिलाई के आशुतोष सिंह ने द्वितीय तथा राजनांदगांव के लिलेश्वर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में भिलाई की रुक्मणी साहू प्रथम रहीं। शाम को सेक्टर-9 स्थित हनुमान चालीसा चौक पर भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता जुटे। मूसलाधार बारिश के बीच 51 फीट ऊंचे भगवा ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती हुई।

### गाज गिरने से एक की मौत,दूसरा घायल

**भिलाई, 13 सितंबर।** दुर्ग तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो युवक उसकी चपेट में आ गए हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जब कि दूसरा गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गया घायल युवक का इलाज चल रहा है जहां उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है घटना लिटिया चौकी क्षेत्र के मोहंदी मोड़ के पास स्थित बांध के पास की है दो युवक दुर्ग-खैरागढ़ मुख्य मार्ग से गुजर रहे थे बारिश तेज होने पर दोनों मोहंदी मोड़ के पास बांध के नजदीक एक पेड़ के नीचे बारिश से बचने के लिए खड़े हो गए। इसी दौरान अचानक तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरी बिजली की चपेट में आने से दोनों युवक बुरी तरह झुलस गए और वहीं गिर पड़े हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची लिटिया चौकी पुलिस ने दोनों को देखा जिस में एक युवक की मौत हो चुकी थी मृतक की पहचान (30 साल) गजराज साहू निवासी मोहंदी के रूप में हुई है वहीं घायल युवक की पहचान संजय ठाकुर निवासी बुंदेली, जिला राजनांदगांव के रूप में बताई गई है घायल संजय ठाकुर को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया ।

**धान**



**उतई।** अंचल के ग्राम महका कला में रोड किनारे अर्ली वैरायटी के धान में बलियां निकलने लगी है।जो अच्छे पैदावारी को दर्शा रही हैं।

# पाटन भाजपा मण्डल में 25 वर्ष सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने ग्राम बूथ स्तर पर नियुक्त किए गए कार्यक्रम प्रभारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 13 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल द्वारा राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला के द्वारा निर्देशित 25 वर्ष सेवा संकल्प अभियान को ग्राम स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाने एवं प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों एवं बूथों में ग्राम/बूथ कार्यक्रम प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। यह अभियान 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा द्य

मंडल स्तर पर अभियान के सफल संचालन की जिम्मेदारी मंडल संयोजक खेमलाल साहू सहित सह-संयोजकों को दी गई है। अभियान के अंतर्गत 'आशीर्वाद का दिया', '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत', 'नमो सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', 'कहानी बदलाव की', 'विकसित भारत संकल्प यात्रा', 'सेवा ज्योति यात्रा' तथा 'सेवा मेरा योगदान' जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान के लिए जारी सूची के अनुसार गभरा, करगा, रेवली, राखी, पहंडोर, बेंद्री, करसा, घुघवा, अचानाकपुर, ढौर, मुड़पार, चुनकटटा, महका कला, महका खुर्द, परेवाडीह, पतोरा, डेउरझाल, सेलूद, गोड़पेण्डरी, छाटा, फुंडा, पुनईडीह, देवादा, अरसनारा, चीचा, पंदर, नवागांव, देमार, बठेना, तुलसी, चंगोरी, सिकोला, ठाकुराइन टोला, सिपकोन्हा, सोनपुर, पाटन, अखरा, अटारी एवं खोरपा सहित अनेक ग्रामों में कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

मंडल संयोजक खेमलाल साहू ने कहा कि अभियान का उद्देश्य संगठन की सेवा भावना को गांव-गांव तक पहुंचाना तथा अधिक से अधिक ग्रामीणों को सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों से जोड़ना है। उन्होंने सभी ग्राम एवं बूथ कार्यक्रम प्रभारियों से आपसी समन्वय बनाकर कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया।

जारी निर्देश के अनुसार ग्राम/बूथ कार्यक्रम प्रभारी अपने क्षेत्र में शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम आयोजित करेंगे। साथ ही सभी आठ कार्यक्रमों की फोटो एवं वीडियो तैयार कर सरल ऐप एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती रानी बंछोर ने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता और ग्राम स्तर पर मजबूत संगठनात्मक समन्वय से 25 वर्ष सेवा संकल्प अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जाएगा। उक्त कार्यक्रमो में गाँव के ग्रामीण जनों के साथ साथ लाभार्थियों को भी साथ लेकर अभियान के मूल भावना से जोड़ा जाएगा।

# गडुरु नवोदय सेवा संघम के सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख रुपये की स्वीकृति




**भिलाई, 13 सितंबर।** तेलुगु कल्याण समिति के अध्यक्ष अप्पाराव ने सांसद विजय बघेल के समक्ष गडुरु नवोदय सेवा संघम के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की मांग रखी। इस पर सांसद विजय बघेल ने तत्काल 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने हेतु सहमति प्रदान की। गडुरु नवोदय सेवा संघम के अध्यक्ष एम. जोगाराव, महासचिव के. कृष्णा राव, कोषाध्यक्ष जे. मोहनराव सहित के. राजू, के. अनिल कुमार, वाई. गौरव, एम. सुदर्शन, एस. राजा, ए. ईश्वर राव, वाई. अशोक, के. प्रकाश राव, एम. मोहनराव, वाई. बाबुराव, एस. रामाराव, वाई. बालकृष्णा, के. कृष्णमूर्ति, एस. सुरेश, एस. मोहन, एम. कृष्णा आदि ने सांसद श्री विजय बघेल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महिला श्रमिकों के लिए जागरूकता कार्यशाला आयोजित



**भिलाई, 13 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल मिल विभाग द्वारा नई चेतना जागरूकता कार्यशाला मुख्य महाप्रबंधक टी. दस्तीदार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। दस्तीदार ने नई चेतना कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिला ठेका श्रमिकों के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की उपयोगिता को रेखांकित किया। एएलडब्ल्यूपी राजेश मौर्य ने वेतन एवं ईपीएस से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वरिष्ठ प्रबंधक सुश्री अनुराधा साहा ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित प्रावधानों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी देते हुए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभागीय सुरक्षा अधिकारी सुनील शुक्ला, एसीएमओ सुश्री शुभश्री प्रशांत, एएलडब्ल्यूपी राजेश मौर्य एवं वरिष्ठ प्रबंधक सुश्री अनुराधा साहा ने फैकल्टी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### हाथ-पैर धोते युवक नहर में गिरा और बह गया



**उतई,13 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पाटन ब्लॉक के सेलूद भाठापारा स्थित तंदुला नहर में शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे हादसा हो गया। रायपुर के गुढ़ियारी से सेलूद में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आया 15 वर्षीय खिलाड़ी शिवम यादव नहर के तेज बहाव में बह गया।

हाथ-पैर धोने के दौरान फिसला पैर जानकारी के अनुसार, शिवम प्रतियोगिता स्थल के पास तंदुला नहर की ओर गया था। इसके बाद नहर के किनारे हाथ-पैर धोते समय काई और ढलान के कारण उसका पैर फिसल गया। नहर में पानी का बहाव तेज होने के कारण वह खुद को संभाल नहीं सका और गहरे पानी में बह गया।साथियों ने बचाने का किया प्रयास-शिवम को नहर में बहता देख साथी खिलाड़ियों ने तत्काल उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी की तेज धार के कारण वे सफल नहीं हो सके। देखते ही देखते शिवम पानी में ओझल हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही सेलूद सरपंच खिलेश मार्कंडेय मौके पर पहुंचे और पाटन पुलिस तथा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को घटना की सूचना दी। युवक की तलाश के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# गबन,धोखाधड़ी के मामले में 3 लोग गिरफ्तार

**भिलाई, 13 सितंबर ।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र में कृषि उत्पादों के कारोबार से जुड़े करीब 65 लाख 68 हजार 423 रुपये के कथित गबन और धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने कंपनी की डायरेक्टर सहित तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने प्रार्थी राजेंद्र सिंह की शिकायत और न्यायालय के आदेश के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 409, 420, 34 भादवि के तहत अपराध क्रमांक 0597/26 दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है पुलिस के मुताबिक, आशीष नगर पश्चिम रिसाली निवासी राजेंद्र सिंह (50 साल ) ने शिकायत में बताया कि उनके पुत्र हिमांशु सिंह की फर्म मेसर्स पिनाका एसोसिएट्स को विक्रांत एग्रोकेम इंडस्ट्रीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारिका रेसीडेंसी कॉलोनी, आगरा (उ.प्र.) ने 1 जुलाई 2020 को अनुबंध के तहत दुर्ग और रायपुर संभाग में कंपनी के कीटनाशक एवं अन्य कृषि उत्पादों की बिक्री के लिए डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त किया था। अनुबंध के तहत गोदाम किराया, विभिन्न उत्पादों पर कमीशन और अन्य भुगतान किए जाने थे। जुलाई 2020 से दिसंबर 2020 के बीच कंपनी की ओर से करीब 92.18 लाख रुपये का माल उपलब्ध कराया गया, जबकि फर्म के माध्यम से करीब 63.26 लाख रुपये का माल विक्रय किए जाने का उल्लेख शिकायत में है राजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि कंपनी के अधिकृत व्यक्तियों के निर्देश पर विभिन्न कारोबारियों और कंपनी के कर्मचारियों को बड़ी मात्रा में माल उपलब्ध कराया गया। शिकायत में जीएसटी संबंधी नुकसान, वापस किए गए स्टॉक का भुगतान नहीं होने, गोदाम का किराया और अनुबंध के तहत मिलने वाले कमीशन समेत विभिन्न मदों को मिलाकर 65,68,423 रुपये की राशि बकाया होने का दावा किया गया है। कंपनी के संचालकों और डायरेक्टरों से बकाया राशि की मांग की जा रही थी, लेकिन उन्हें भुगतान के नाम पर लगातार गुमराह किया गया। बाद में राशि मांगने पर कथित रूप से झूठे मामले में फंसाने की धमकी भी दी गई शिकायत में यह भी उल्लेख है कि 19 जून 2025 को कंपनी से जुड़े रामानुज शर्मा ने फोन कर कंपनी का संपूर्ण माल वापस भेजने को कहा था। उनके निर्देश पर माल भेजे जाने के बावजूद शिकायतकर्ता के अनुसार आज तक बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया मामले में श्रीमती मिथलेश शर्मा, रामानुज शर्मा और विष्णु प्रसाद धीवर को आरोपी बनाया गया है। नेवई पुलिस ने न्यायालय के आदेश के बाद शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज कर लिया है।

### जिले में अब तक 774.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग, 13 सितम्बर ।** जिले में 1 जून 2026 से 12 सितम्बर 2026 तक 774.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 953.8 मिमी तहसील पाटन में तथा न्यूनतम 503.3 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 924.9 मिमी, तहसील बोरी में 641.5 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 800.3 मिमी और तहसील अहिवारा में 582.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### कुरूद में डॉग हाउस तैयार,रोज 40 कुत्तों को बधियाकरण

**भिलाई, 13 सितंबर।** नगर निगम द्वारा कुरूद एसएलआरएम सेंटर के सामने आवारा एवं सामुदायिक कुत्तों के प्रबंधन के लिए डॉग हाउस का निर्माण किया गया है। यहां कुल 44 केज की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक केज में चार डॉग रखने की क्षमता के अनुसार एक समय में लगभग 176 डॉग को रखा जा सकेगा। नगर निगम ने शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने तथा पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए प्रतिदिन लगभग 40 से 44 डॉग के बधियाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। डॉग हाउस में पकड़े गए डॉग का निर्धारित प्रक्रिया के तहत बधियाकरण किया जाएगा। आवश्यक देखरेख के बाद उन्हें निर्धारित स्थान पर वापस छोड़ा जाएगा। नगर निगम के अनुसार इस व्यवस्था से शहर में आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के साथ नागरिकों को होने वाली परेशानियों में भी कमी लाने में मदद मिलेगी।



**एक नजर**

### सरपंच पर मकान तोड़ने के प्रयास का आरोप पर आंदोलन की चेतावनीः जितेन्द्र मुदलियार



**राजनांदगांव 13 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समीपस्थल ग्राम भोथीपार खुर्द नया पारा सरपंच जितेन्द्र साहू मनमानी को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार के साथ सुरगी सिघोंला क्षेत्र कांग्रेस प्रतिनिधि एस डी एम कार्यालय पहुंचकर गांव गरीब मजदूर के मकान तोड़ने पर कार्रवाई करने के आरोप सरपंच राजनीतिक पहुंच पूर्व सांसद अभिषेक सिंह बोलकर मकान तोड़वाने प्रशासन पर दबाव करने के खिलाफआपत्ति जताई एवं घोर निंदा बात कही पीड़ित कोमल विश्वकर्मा सरपंच जितेन्द्र साहू व्यक्तिगत द्वेष निकाला जा रहा है पीड़ित ने बताया कि गांव में लगभग 30 मकान घास जमीन पर है जिसमें सरपंच भी काबिज़ है पीड़ित कहा कि मेरा मकान जिसमें 50 वर्षो पहले से है लेकिन मेरा मकान तोड़ने के मकसद कर रहा है अपने मकान के आवागमन करने के जगह होने बावजूद मेरे आधे हिस्से मांग रहा नहीं देने पर तोड़ने कोशिश किया जा रहा है सरकारी योजनाओं से वांछित कर रहा जिसमें ग्रामीण एवं कांग्रेस के जनप्रतिनिधि ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रोहित चंद्राकर किसान कांग्रेस जिला महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव दक्षिण ब्लाक अध्यक्ष लक्ष्मण साहू जनपद सदस्य मेघराज चंद्राकर सरपंच दिल्लू साहू पूर्व सरपंच प्रतिनिधि केशव साहू सरपंच प्रतिनिधि राहुल साहू हेमशंकर साहू उपसरपंच गौतम निषाद चुम्मन निषाद कुंदन चंद्राकर महेश दिवाकर त्रिलोक साहू तारा साहू नीलम यादव राजू साहू विक्रम साहू डामन वैष्णव चितागंद साहू राकेश साहू बड़ी जनसंख्या उपस्थित रहा।

### व्यवहार न्यायालय छुईखदान में आयोजित नेशनल लोक अदालत में कई मामलों का निराकरण



**छुईखदान 13 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय श्री विजय कुमार होता के मार्गदर्शन में न्यायालय छुईखदान में तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट कु. श्वेता पटेल द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें राजीनामा योग्य धाराओं में आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत में निराकरण करने के लिए सिविल वाद प्रकरण, रेगुलर क्रिमिनल, मोटर यान अधिनियम, ट्रैफिक चालान, चेक अनादर अधिनियम, बैंक संबंधित मामले, एवं नल जल कर से संबंधित मामले पेश किए गए थे पीएलवी सनील कुमार ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह में आयोजन किया जाता है। जिसमें राजीनामा तथा आपसी भाईचारा से अपने प्रकरण का निराकरण करते हैं ।उक्त नेशनल लोक अदालत में तालुका विधिक सेवा समिति छुईखदान द्वारा दिव्यांगजन को आने-जाने तथा चलने फिरने में परेशानी ना हो इसलिए व्हीलचेयर कि सुविधा उपलब्ध कराई गई थी तथा खंड चिकित्सा अधिकारी छुईखदान के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्तागण तथा पक्षकारो को स्वास्थ्य संबंधित चेक अप कर दवाइयां वितरण किया गया ।

### जिले में अब तक 989.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदबाजार ,13 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 12सितम्बर 2026 तक 989.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 1198 मिमी, बलौदाबाजार में 1129.6मिमी, पलारी में 1076.7मिमी, लवन मे 970.4 मिमी, सुहेला 924.6मिमी, सिमगा में 915.0 मिमी, कसडोल 938.9 मिमी, भाटापारा में 936.3 मिमी एवं सोनाखान 813.3 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है।

# महापौर-आयुक्त ने बढ़ाया राजस्व प्रभारियों का हौसला,अच्छी वसूली पर किया पुरस्कृत

**■ एक माह में कम से कम 5 लाख रुपये वसूली का लक्ष्य लेकर वसूली करने के महापौर ने दिए निर्देश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 सितंबर।** आज निगम सभागृह में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम की उपस्थिति में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में वसूली की वार्डवार जानकारी लेकर अच्छी वसूली लाने के लिए सभी राजस्व प्रभारियो को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी वार्डप्रभारियो को इमानदारी के साथ मेहनत कर वसूली करना है, जिससे हम शासन लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली कर सकते है।

महापौर ने बैठक में कहा कि आयुक्त एवं राजस्व अधिकारी दो माह से आप लोगो के साथ मिलकर वसूली के लिए अच्छा प्रयास किए, इसका प्रतिफल मिल रहा है। सभी कर्मचारी मेहनत कर रहे है कुछ कर्मचारियो की वसूली बहुत अच्छी आ रही है किन्तु कुछ कर्मचारियो की वसूली अभी भी बहुत कम है, उन्हें जवाबदारी समझ अच्छी वसूली करनेवालो से सीख लेकर वसूली बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग में नये कर्मचारियो को भी संलग्न किए है, उनको सहयोग करे और उनके साथ जाकर वसूली करे। महापौर श्री यादव ने कहा कि समय पर वेतन देना हमारा लक्ष्य होता है, जो आप लोगो की वसूली पर निर्भर होती है। सभी सहायक राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षको को पूरी उर्जा लगाकर वसूली करना है। इसके लिए इसी माह से हर माह 5 लाख रूपये वसूली का लक्ष्य लेकर काम करना है। जवाबदारी से काम करने पर राजस्व वसूली अच्छी होगी और समय पर वेतन मिलेगा। उन्होंने कहा कि कई कर्मचारी तो अपने वेतन के बराबर वसूली नही कर पाते जो उनकी लापरवाही दर्शाता है। प्रतिदिन करदाताओ के घर जाकर वसूली करना सुनिश्चित करे, बडे बकायादारो को किश्तो में राशि देने समझाईस देवे। उन्होंने कहा कि एक माह में आपके क्षमता का आकलन होगा और अगले माह उसकी समीक्षा की जायेगी।



आयुक्त श्री मरकाम ने बैठक में कहा कि महापौर महोदय ने प्रोत्साहन देने के साथ साथ मार्गदर्शन भी दिए है, उनके मार्गदर्शन अनुसार कार्य कर लक्ष्य के अनुरूप कार्य करना है। उन्होंने कहा कि शासन समीक्षा में 14 नगर निगमो में राजनांदगांव नगर निगम वसूली में 7वें स्थान पर है, आप सभी ने दो माह में मेहनत किए, डिमाण्ड नोटिस तैयार कर उसके अनुरूप वसूली किए उसी का परिणाम है, लेकिन और ज्यादा मेहनत कर प्रथम स्थान प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन करदाताओ के घर जावे, उन्हें करो का भुगतान करने समझाईस देवे, भुगतान नही करने पर दण्ड लगेगा ऐसा बतावे, पार्षदों से भी वसूली में सहयोग लेवे। राजस्व अधिकारी श्री मोबिन अली ने कहा कि डिमाण्ड अनुसार वसूली करना सुनिश्चित करे, छुट्टीयो मे भी 2-4 घण्टे वसूली करे, क्योकि छुट्टी के दिन करदाता भी मिलते है थोडी मेहनत करने से अच्छी वसूली प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि घर घर जाकर वसूली करने के साथ साथ चेक एंव ऑनलाईन भुगतान करे। बडे बकायादारो के घर टीम के साथ जावे। महापौर एवं आयुक्त ने इस सितम्बर माह के 10 दिन में अच्छी वसूली करने वाले में 8 लाख से अधिक वसूली के लिए श्री मिथलेश ठाकुर, 7 लाख से अधिक के लिए श्री समयलाल मण्डावी एवं 4 लाख से अधिक के लिए श्री उमेश देवांगन को पुरूस्कृत किए और कम वसूली करने वाले राजस्व प्रभारी को इन्ही की तरह वसूली करने समझाईस दिए।

# 'विष्णु भैया' का घर बना बहनों का मायका मुख्यमंत्री निवास में उल्लास से मना तीजा-पोरा

**रायपुर 13 सितंबर।** नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास आज तीजा-पोरा तिहार के अवसर पर छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, पारिवारिक आत्मीयता और मातृशक्ति के उल्लास का साक्षी बना। प्रदेश के विभिन्न अंचलों से बड़ी संख्या में पहुंचीं माताओं, बहनों और बेटियों के स्वागत में मुख्यमंत्री निवास को छत्तीसगढ़ी गांव और मायके की तरह सजाया गया था। पारंपरिक बैलगाड़ी, नंदिया-बइला, लोक शिल्प और ग्रामीण परिवेश की सजावट के बीच फुगड़ी, रस्साकशी, कुर्सी दौड़, मेहंदी और झूलों ने पूरे परिसर को उत्सव के रंग में रंग दिया। लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों के बीच माताओं-बहनों ने पूरे उत्साह के साथ तीजा-पोरा की खुशियां साझा कीं।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने माताओं-बहनों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में तीजा पर बेटियों और बहनों के मायके आने की सुंदर परंपरा है। आज प्रदेशभर से आप सभी बहनें मेरे घर आई हैं, इसलिए मुख्यमंत्री निवास आज आप सभी का मायका है। अपने भाई के घर आपका आना मेरे लिए सौभाग्य और आनंद की बात है। मुख्यमंत्री के इस आत्मीय संबोधन के साथ पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तीजा-पोरा हमारी माटी, परिवार, रिश्तों, खेती-किसानी, पशुधन और लोकजीवन से जुड़ा जीवंत उत्सव है। हरेली से शुरू होने वाली छत्तीसगढ़ के तीज-त्योहारों की सुंदर श्रृंखला हमारे सामाजिक और पारिवारिक जीवन को आत्मीयता के सूत्र में बांधती है। हमारी लोक परंपराएं पीढ़ियों को अपनी जड़ों और संस्कारों से जोड़ने का काम करती हैं।

कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेश की माताओं-बहनों सहित सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीजा का पर्व माता पार्वती की तपस्या, समर्पण और अटूट आस्था से जुड़ा हुआ है। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तप किया था। हमारी माताएं और बहनें आज भी इस महान परंपरा को श्रद्धा के साथ आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती से प्रदेश की माताओं-बहनों के सुख, समृद्धि और अखंड सौभाग्य के साथ छत्तीसगढ़ के निरंतर विकास और खुशहाली की प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पोरा का पर्व हमारी कृषि संस्कृति और पशुधन के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में खेती-किसानी केवल आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन पद्धति का अभिन्न हिस्सा है। तीजा और पोरा का यह संगम हमारी लोकसंस्कृति की उसी आत्मीयता और व्यापकता को अभिव्यक्त करता है।

तीजा-पोरा के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशव्यापी 'हर घर मुनगा-घर घर मुनगा' अभियान का शुभारंभ किया और अभियान के लोगो का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुनगा पोषक तत्वों और आवश्यक मिनरल्स से भरपूर है। इसकी पत्तियां और फलियां पोषण की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी हैं। विशेषकर महिलाओं और बच्चों के आहार में इसका उपयोग बेहतर पोषण में सहायक हो सकता है।

उन्होंने प्रदेशवासियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि अपने घरों और आसपास मुनगा लगाएं और इसके पोषण गुणों को जन-जन तक पहुंचाएं। घर-घर मुनगा लगाने की यह पहल जनभागीदारी के माध्यम से सुपोषित छत्तीसगढ़ के संकल्प को और मजबूत करेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया। उन्होंने राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के पोस्टर का विमोचन किया और उपस्थित माताओं-बहनों को सुपोषण की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक प्रदेशभर में पोषण माह आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान महिलाओं, बच्चों और परिवारों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सुपोषण रथ भी अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर पोषण संबंधी जानकारी लोगों तक पहुंचाएगा।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ मां और सुपोषित बच्चा स्वस्थ समाज की मजबूत नींव हैं। केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा बेहतर भविष्य के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनभागीदारी से पोषण के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव को और गति दी जा रही है।

कार्यक्रम में आत्मीयता का एक विशेष दृश्य उस समय देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री श्री साय ने नन्हे बच्चों को अपने हाथों से खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया। उन्होंने बच्चों को स्नेह और आशीर्वाद देते हुए उनके स्वस्थ, खुशहाल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

तीजा-पोरा के पारिवारिक उत्सव के बीच अन्नप्राशन संस्कार और पोषण से जुड़ी गतिविधियों ने कार्यक्रम को सुपोषण के संदेश से भी जोड़ा। मुख्यमंत्री ने बच्चों की माताओं से भी आत्मीय संवाद किया और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की 68 लाख से अधिक माताओं-बहनों को हर महीने एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। अब तक 31 किस्तों के माध्यम से 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि माताओं-बहनों के बैंक खातों में सीधे अंतरित की जा चुकी है।

### चिखली वार्ड की समस्याओं की शिकायत लेकर महापौर के घर पहुँचे वार्डवासी

**राजनांदगांव 13 सितंबर।** शहर के चिखली क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं. 4, 5 एवं 6 के रहवासियों ने अपने वार्ड में व्याप्त विभिन्न समस्याओं की शिकायत करते हुए आज महापौर के घर पहुॅचकर उनसे मुलाकात की। वार्ड के रहवासी सुबह-सुबह एकजुट होकर महापौर मधुसूदन यादव के मोतीपुर स्थित निज निवास पहुंचे और अपनी पीड़ा उनके सामने रखी। वार्डवासियों के इस प्रतिनिधिमंडल में शेखर ठाकुर, ललित नायडू, उमाशंकर साहू, अभिषेक दुबे, निन्नावे जी की अनुगवाई में वार्डवासियों ने महापौर के हाथों में अपना आवेदन सौंपते हुए वार्ड की समस्याएँ बताई। उन्होंने महापौर को बताया कि वार्ड की कई मुख्य सड़कों का निर्माण सालों से अधूरा पड़ा है। इन सड़कों पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं जो सड़क हादसों का कारण बन रहे हैं। निर्माणाधीन अंडरब्रिज का काम पहले धीमी गति से चल रहा था, जो अब बंद हो गया है, जिससे आवागमन बाधित रहता है। वार्डवासियों ने बताया कि नाली, बिजली और मवेशी भी उनकी मुसीबत का कारण बने हुए हैं। लोगों ने बताया कि महीनों से नालियों की सफाई नहीं हुई है, जिससे गंदगी, दुर्गन्ध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। शाम के समय प्रायः स्ट्रीट लाइटें बंद रहती हैं, पूरा वार्ड अंधेरे में डूब जाता है, जिससे असमाजिक तत्वों एवं चोरों का डर बना रहता है। वहीं सड़कों पर लावारिस घूम रहे गौवंश के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने महापौर को अवगत कराया कि तीन दिन के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वार्डवासी शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करके शासन-प्रशासन का ध्यानाकृष्ट करने को विवश होंगे।

## पीएम के जन्मदिन पर सेवा का संकल्प

### एक महीने चलेगा अभियान, टीम बनाकर सौंपी जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को अविस्मरणीय बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से लेकर 17 अक्तूबर तक सेवा संकल्प अभियान अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन के दरम्यान किए गए ऐतिहासिक कार्यों को छत्तीसगढ़ सहित देश के हर घर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। राजनांदगांव जिले में इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक सेवा में 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, जिसमें गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में 13 वर्ष और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष शामिल हैं, 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देश भर में सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ने बताया कि अभियान के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अलग-अलग सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा भावना को अभियान का आधार बनाकर कार्यकर्ता समाजसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों में भागीदारी करेंगे। श्री राजपूत ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन की खुशी में पूरे माह अलग-अलग कार्यक्रम तय किए गए हैं। इसके तहत प्राइमरी से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूलों में पीएम मोदी की उपलब्धियां थीम पर कला प्रतियोगिता आयोजित कराई जायेगी। इसी प्रकार, पीएम के विजन पर भाषण प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। वहीं हर आंगनबाड़ी केंद्र में एक सम्मान समारोह होगा, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर प्रदेश में केंद्र की योजनाओं के लाभार्थियों के घरों में आशीर्वाद का दीया जलेगा। एक माह तक चलने वाले इस अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा के द्वारा टीम की घोषणा की गई है जो सेवा गतिविधियों को संचालित करेंगे।

# अग्र महाकुंभ में जुटेगा अग्रवाल समाज,चिंतन से परिवारोत्सव तक होंगे विविध आयोजन

**रायपुर 13 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा श्री अग्रवाल सभा, अंबिकापुर एवं सरगुजा संभागीय अग्रवाल महासभा के आतिथ्य में 19 एवं 20 सितंबर 2026 को अंबिकापुर में अग्र महाकुंभ-2026 – सेवा, शक्ति और सामर्थ्य का संगम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय इस प्रांतीय अधिवेशन एवं दशम अग्र अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों से अग्रवाल समाज के पदाधिकारी, समाजसेवी, उद्यमी, युवा एवं महिला प्रतिनिधि शामिल होंगे।

19 सितंबर को दोपहर 12 बजे आयोजित भव्य उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुलभूषण मित्तल करेंगे। राष्ट्रीय संरक्षक श्री सियाराम अग्रवाल, छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा आयोजन के संरक्षक श्री राजेश अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री अमर अग्रवाल, विधायक बसना




श्री संपत अग्रवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल सांसद श्री चिंतामणि महाराज, सहित अनेक विशिष्टजन कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल , सांसद चिंतामणि महाराज ने आयोजन के दोनों दिवस उपस्थित रहने की स्वीकृति प्रदान करते हुए आयोजन को यथासंभव पूर्ण सहयोग देने तथा प्रदेशभर से आने वाले अग्रबंधुओं के स्वागत-अभिनंदन में स्वयं सहभागी होने की भावना व्यक्त की है।

प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने बताया कि अग्र महाकुंभ को केवल एक औपचारिक अधिवेशन न बनाकर समाज की वर्तमान आवश्यकताओं, संगठनात्मक मजबूती, नई पीढ़ी की भागीदारी, स्वास्थ्य, संस्कार और भविष्य की दिशा पर सामूहिक चिंतन का मंच बनाया गया है।

19 सितंबर को प्रातः 10 से 12 बजे अग्र-मंथनङ्ग2026 से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। चिंतन से निर्णय – निर्णय से दिशा की भावना के साथ इस सत्र में समाज की दशा-दिशा, बदलती सामाजिक परिस्थितियों, संगठन की भूमिका तथा भविष्य की कार्ययोजना पर खुला विचार-मंथन होगा। इस सत्र का संचालन सुनील अग्रवाल बॉबी करेंगे।

दोपहर 12 से 2 बजे भव्य उद्घाटन सत्र होगा। इसके पश्चात दोपहर 3 से शाम 5 बजे महिला अधिवेशन आयोजित होगा, जिसमें महिला शक्ति, सामाजिक सहभागिता, संगठन एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श के साथ , श्री पंकज अग्रवाल श्रीमती वर्षा अग्रवाल श्री सुमित द्वारा संपादित अग्र कुल दर्शन पत्रिका का विमोचन भी है।

शाम 5 से 6 बजे युवा अधिवेशन में युवा शक्ति, नेतृत्व, उद्यमिता, नई पीढ़ी के विचार और समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका पर संवाद होगा। शाम 6 से 8 बजे सांस्कृतिक संध्या में अंबिकापुर की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

पहले दिन का विशेष आकर्षण रात्रि 8 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। हास्य, व्यंग्य, गीत, श्रृंगार और ओज से सजी इस साहित्यिक संध्या में देश के चार ख्यातिप्राप्त कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे–

कुशल कुशलेन्द्र, दिल्ली – अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि हिमांशु बवंडर, उज्जैन (मध्यप्रदेश) – अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि एवं लॉफ्टर फेम सोनल जैन, सूरत (गुजरात) – अंतरराष्ट्रीय कवयित्री, हास्य रस एवं श्रृंगार रस देवेंद्र प्रताप आग, इटावा (उत्तरप्रदेश) – अग्निधर्मी कवि कवि सम्मेलन को लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह है और इसे हास्य, संगीत और संस्कृति की शानदार शाम के रूप में सजाया जा रहा है।

20 सितंबर की शुरुआत प्रातः 6:30 से 7:45 बजे तनावमुक्त जीवनशैली एवं योग शिविर से होगी। इसमें योग, शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन, बेहतर जीवनशैली एवं सकारात्मक ऊर्जा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रातः 10 से 11:30 बजे खुला संवाद – समाज से, समाज के लिए आयोजित होगा। इस सत्र में अग्रवाल समाज के अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं विभिन्न अग्रवाल सभाओं के प्रतिनिधियों के साथ समाज की वर्तमान आवश्यकताओं, चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर आत्मीय एवं सार्थक विचार-मंथन किया जाएगा। इसी क्रम में आधुनिक युग में Artificial Intelligence (AI) के उपयोग और संभावनाओं पर विशेष कार्यशाला भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### दशलक्षण महापर्व 16 सितंबर से, आत्मशुद्धि और उत्तम गुणों की आराधना का दस दिवसीय पर्व



रायपुर 13 सितंबर। दिगंबर जैन समाज का प्रमुख एवं पवित्र दशलक्षण महापर्व इस वर्ष बुधवार, 16 सितंबर से शुक्रवार, 25 सितंबर तक देशभर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाएगा। दस दिवसीय इस महापर्व के दौरान श्रद्धालु आत्मशुद्धि, संयम, साधना एवं उत्तम गुणों की आराधना करते हुए आध्यात्मिक उन्नति का प्रयास करेंगे।

यह जानकारी कचना स्थित अमलतास कैसल के 1008 श्री मुनि सुब्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु जैन ने दी। उन्होंने बताया कि दशलक्षण महापर्व दिगंबर जैन समाज के प्रमुख धार्मिक पर्वों में से एक है। इस दौरान श्रद्धालु अपने जीवन में उत्तम गुणों को अपनाने तथा आत्मचिंतन के माध्यम से आत्मिक शुद्धि का प्रयास करते हैं। महापर्व की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता की जानकारी देते हुए भाई सुरेश मोदी ने बताया कि दशलक्षण पर्व मुख्य रूप से भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी से अनंत चतुर्दशी तक मनाया जाता है। पर्व के प्रत्येक दिन आत्मा के विभिन्न उत्तम गुणों की साधना एवं आराधना की जाती है। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्ति को अपने भीतर झांकने, आत्मचिंतन करने और जीवन में संयम एवं सद्गुणों को विकसित करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि इन दस दिनों में श्रद्धालु व्रत-उपवास, ध्यान, स्वाध्याय, संयम और धार्मिक आराधना के माध्यम से अपने जीवन में आध्यात्मिक अनुशासन स्थापित करने का प्रयास करते हैं। साथ ही बीते वर्ष में हुए कर्मबंधनों को क्षीण करने और नए कर्मों के बंधन से बचने की भावना के साथ आत्मशुद्धि की साधना की जाती है। दशलक्षण महापर्व के माध्यम से क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य जैसे उत्तम गुणों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया जाता है। जैन समाज के श्रद्धालु इस दौरान धार्मिक कार्यक्रमों एवं विशेष आराधना में सहभागी बनकर आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ते हैं ।

## छोटे हो या बड़े सबके लिए विनय भाव होना चाहिएः श्रेयांशप्रभ जी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 सितम्बर।** छोटे हो या बड़े सबके लिए विनय भाव होना चाहिए। जहां सुगंध होगा वहीं जीव आने ही लगते हैं। विनयवान व्यक्ति को लोग पसंद करते हैं, इसलिए हमें नम्र और विनयवान होना चाहिए।!÷ उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने आज जैन बगीचा स्थित नये हाल में संवत्सरी पर्व के छठवें दिन अपने नियमित प्रवचन में व्यक्त किए।



मुनि श्री श्रेयांशप्रभ जी ने कहा कि किसी भी तीर्थंकर की दीक्षा नवलोकान्तिक देव की अनुमति के बिना नहीं हो सकती । उन्होंने कहा कि परमात्मा किसी को माप तोलकर तो नहीं देते बल्कि उनके पास जो आता है उसे दिल खोल कर देते हैं। पचकान हम लेते हैं,भाव लेने के लिए। परमात्मा के पास तो पहले से ही भाव है इसलिए उन्हें पचकान लेने की आवश्यकता नहीं है।

मुनि श्री श्रेयांशप्रभ जी ने कहा कि टाइम की जरूरत केवल मन को होती है, शरीर को नहीं। शरीर को आप जब भी आदेशित करें, वह काम करने के लिए तैयार हो जाता है, वह समय नहीं देखता। आजादी मिल जाए तो हम एक जगह टिकते नहीं। लोग जब तक मतलब रहता है तब तक एक दूसरे से जुड़े रहते हैं। हर जीव को अपने कर्म खुद के पुरुषार्थ से बनाना पड़ता है। मुनि श्री ने कहा कि भले ही हमारे ऊपर किसी का क्रोध भरा भाव हो लेकिन हमें शांत रहना चाहिए। सामने वाला व्यक्ति कैसा भी आचरण करें लेकिन आपका आचरण ऐसा होना चाहिए कि सामने वाले का व्यवहार आपके प्रति बदल जाए और वह आपके प्रति विनयवान हो जाए। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा छोड़ी गई ऊर्जा यदि शुद्ध होती है तो सामने वाले का भाव बदल जाता है। मन में गलत विचार आते हैं लेकिन आप उन्हें कभी टिकने ना दें। श्रद्धा जानकर होती है बिना जाने नहीं। आप जब तक किसी को नहीं जानते तब तक आपके मन में श्रद्धा उत्पन्न नहीं हो सकती। यह जानकारी चातुर्मास समिति के संयोजक पीयूष बैद एवं गुलाब गुलाब गोलछा ने दी।

### कौरिनभाठा में अनधिकृत विकास पर चला बुलडोजर

**राजनांदगांव 13 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अनधिकृत विकास एवं अवैध कॉलोनी निर्माण के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग राजनांदगांव द्वारा ग्राम कौरिनभाठा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 330/6, रकबा 0.1980 हेक्टेयर में किए गए अनधिकृत विकास कार्य के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए मार्ग संरचना एवं नाली को जेसीबी मशीन से हटाया गया। उक्त भूमि के भूमि स्वामी जुनी हटरी राजनांदगांव निवासी श्री अहमद रजा पिता श्री रियाज अहमद द्वारा एकल खिड़की प्रणाली के अंतर्गत कॉलोनी विकास की अनुमति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। कार्यालयीन परीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित भूमि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की भूमि से लगी हुई है।

# किसी के नियम से किसी को परेशानी न हो तो अच्छा है

किसी परिवार,किसी समाज,किसी संप्रदाय और किसी देश के कानून एक व्यवस्था के लिए बनाए जाते हैं,उसका मकसद किसी को परेशान नहीं करना होता है ।लेकिन दूसरों को किसी के नियम से परेशानी तो हो सकती है जब वह अपने दायरे से बाहर लागू करने का प्रयास किया जाता है। हर नियम कानून का एक दायरा होता है ।जहां उसको जानने वाले होते हैं, मानने वाले होते हैं,वहां किसी को कोई परेशानी नहीं होती है ।लेकिन जब भी किसी नियम को दायरे के बाहर जहां उसको जानने वाले,मानने वाले नहीं होते हैं,लागू कराने का प्रयास होता है तो वहां के लोगों को परेशानी होना स्वाभाविक है,यह मानना स्वाभाविक है कि हमारे साथ अपने नियम के अनुसार यह जो व्यवहार किया गया वह तो हमारे नियम कानून के हिसाब से उचित नहीं है ।किसी संप्रदाय के नियम कितने साल सौ साल भी पुराने हों, पुराने होने के कारण वह सभी के लिए पालन योग्य नहीं हो जाते हैं। कितने भी पुराने होने के बावजूद उनका पालन वहीं किया और कराया जाना चाहिए जहां उनके पालन करने या कराने से किसी को परेशानी नहीं होती है।

स्वामीनारायण संप्रदाय के संतों ने अपने नियम को पेरिस के एफिल टॉवर में लागू करने का प्रयास किया ।फ्रांस में संप्रदाय के मंदिर के उद्घाटन पर संप्रदाय के संत वहां पहुंचे थे। उद्घाटन के बाद इनकी इच्छा एफिल ट़ॉवर देखने की हुई और उन्होने एफिल टॉवर को संचालित करने वाले कंपनी से आग्रह किया उनके एफिल टावर देखने के दौरान टॉवर में महिलाएं न हों ।हालांकि संतों ने किसी को अपमान करने,किसी को परेशान करने के लिए ऐसा नहीं किया लेकिन फ्रांस में महिलाओं से संबंधित दूसरे नियम होने के कारण इसे लिंगभेद माना गया और विरोध में एफिल टॉवर के १३७ साल के इतिहास में पहली बार एफिल टॉवर बंद रहा ।टॉवर को संचालित करने वाली कंपनी कंपनी ने माना कि संतों ने महिलाओं से संपर्क सीमित करने का अनुरोध किया था ।यह बात नहीं मानी जानी थी ।मान ली गई और जो विवाद कभी नहीं हुआ वह हो गया।

इस घटनाक्रम के बाद फ्रांस के साथ ही भारत में धार्मिक स्वतंत्रता,सांस्कृतिक सम्मान,लैंगिक समानता को लेकर बहस शुरू हो गई है ।स्वामीनारायण संप्रदाय के संतों के लिए महिला से दूरी रखने के नियम २०० साल से भी पुराना है लेकिन आज तक इस तरह की घटना कभी नहीं हुई जैसी घटना फ्रास के पेरिस में हुई।

बताया जाता है कि भगवान स्वामीनारायण ने १९ वीं सदी की शुरुआत में अपने संतों के लिए कुछ नियम बनाए थे ।इसमें संतों के लिए जो ब्रम्हचर्य के लिए जो नियम बनाए गए थे,वह बहुत ही कड़े थे ।उन्हें अष्ट प्रकार का ब्रम्हचर्य कहा जाता है ।यह संतों के लिए अलग है और गृहस्थ भक्तों के लिए अलग है ।संतों के लिए स्मरण का नियम है कि वह स्त्री का मानसिक रूप से स्मरण नहीं कर सकते,कीर्तन यानी स्त्री के रूप,सुंदरता,गुणों की चर्चा नहीं कर सकते,केली यानी स्त्री के साथ किसी प्रकार का आमोद प्रमोद नही कर सकते,प्रेक्षण यानी स्त्री को कामुक दृष्टि या ध्यान से नहीं देख सकते,गुह्य भाषण यानी एकांत में स्त्री से बात नहीं कर सकते,संकल्प यानी मन से भी कभी स्त्री संग का विचार या संकल्प नहीं कर सकते,अध्यवसाय यानी स्त्री सुख प्राप्त करने का निश्चय नहीं कर सकते,क्रिया निष्पत्ति यानी शारीरिक रूप से किसी भी प्रकार का संभोग नहीं कर सकते ।विशेष नियम है कि संत किसी स्त्री को छू नहीं सकते,यहां तक कि अपनी मां या बहन को भी ।सभा में स्त्री व पुरुष के बैठने की अलग व्यवस्था होती है। संप्रदाय के इन नियमों का मकसद लैंगिक भेद नहीं था। भगवान स्वामी नारायण के ग्रंथ शिक्षापत्री व वचनामृत के अनुसार ब्रम्हचर्य के पालन से ऊर्जा उर्ध्वगामी होती है। बुध्दि तीव्र होती है,आत्मसाक्षात्कार का मार्ग प्रशस्त होता है ।भगवान की भक्ति में आसानी होती है।

फ्रांस में विवाद बढने के बाद पेरिस स्थित बीएपीएस मंदिर ने घटना के लिए माफी मांगी है और कहा है कि महिलाओं से दूरा का यह नियम महिलाओ को कमतर मानने के लिए नहीं है ।यह तो आध्यात्मिक अनुशासन के लिए है ।बीएपीएस के दुनिया भर में १३०० से अधिक मंदिर हैं और १० लाख से ज्यादा अनुयायी हैं तो उनको भविष्य मे इस तरह के विवाद से बचने के लिए भी नियम बनाने होंगे जैसे मंदिर के मंदिर जाने की जगह अगर वह ऐसी जगह न जाएं जहां महिलाएं हो या फिर अपने पुराने नियमों को बदल कर संतों को भीतर से इतने मजबूत बनाएं कि महिलाओं के बीच वह सहज,सरल रह सकें। महिला को महिला होने नाते सम्मान कर सकें ।पेरिस में हुई घटना के बाद से संस्था को तो पिछड़ी सोच का माना ही जाएगा,हिंदू धर्म विरोधियों को भी हिंदू धर्म का मजाक करने का मौका मिलेगा।

इससे कुछ लोगों को कहने का मौका मिल गया है, हिंदुओ का मजाक उड़ाने का मौका मिल गया है,एक आलोचक का कहना है कि आप महिलाओं से संपर्क कम करना चाहते हैं तो फिर एफिल टॉवर जाना क्यों चाहते हैं.एक आलोचक को यह कहने का मौका मिल गया कि हिंदू कहते हैं कि हिंदू धर्म मुक्ति,समानता,खुलेपन की बात करता है,वह सबसे प्रगतिशील धर्म है,केवल इसकी प्रथाएं पिछड़ी हुई हैं ।कुछ लोग कह सकते हैं कि ब्रम्हचारी विवेकानंद जैसा होना चाहिए ।उन्हें कोई कैसे ब्रम्हचारी मान सकता है, जिनका ब्रम्हचर्य मोम की तरह है और स्त्री के पास आने से पिघल जाए ।देश ही नहीं विदेश में भी हिंदू धर्म को नीचा दिखाने वाले मौके की ताक में रहते हैं, इसलिए देश के बाहर जाने वालों को हमेशा सजग रहने की जरूरत है ताकि उनको विरोध करने या मजाक उड़ाने का कोई मौका न मिले।

## सू- दोकू क्र.159

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.158का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -159

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 158 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | बा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

धर्म

# भगवान गणेश : मंगल, समृद्धि और विकसित भारत के प्रेरणास्रोत

ललित गर्ग



भगवान श्री गणेश भारतीय संस्कृति के ऐसे बहुआयामी एवं सर्वस्वीकार्य देवता हैं, जिनका स्मरण किसी भी शुभ कार्य के प्रारंभ में किया जाता है। वे केवल विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता के रूप में पूजित नहीं हैं, बल्कि उनका संपूर्ण व्यक्तित्व ज्ञान, विवेक, दूरदर्शिता, नेतृत्व, धैर्य, आत्मसंयम, संवाद, समावेशिता और कर्मशीलता का अद्भुत संदेश देता है। आज जब भारत विकसित भारत 2047 के संकल्प के साथ आर्थिक शक्ति, तकनीकी क्षमता, सामाजिक समरसता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब गणेशजी के प्रतीकात्मक व्यक्तित्व को केवल पूजा तक सीमित रखने के बजाय उनके जीवन-संदेश को राष्ट्रीय चरित्र और विकास-दृष्टि का आधार बनाना समय की बड़ी आवश्यकता है। गणेश चतुर्थी केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा का पर्व बन सकती है।

गणेशजी का सबसे बड़ा संदेश है—शुभारंभ करो, लेकिन विवेक के साथ। किसी भी कार्य के पहले गणेशजी का स्मरण इस बात का प्रतीक है कि सफलता केवल गति से नहीं, सही दिशा से मिलती है। विकसित भारत का निर्माण भी केवल बड़े आर्थिक आंकड़ों, आधुनिक शहरों, नई तकनीक और विशाल परियोजनाओं से नहीं होगा। इसके लिए ऐसी विकास-दृष्टि चाहिए जिसमें आर्थिक प्रगति के साथ मानवीय संवेदना, नैतिकता, पर्यावरण-संतुलन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक न्याय का समन्वय हो। गणेशजी का स्मरण हमें बताता है कि विकास का पहला कदम बाहर नहीं, भीतर उठता है—विचारों की शुद्धता और संकल्प की दृढ़ता से।

गणेशजी का गजमुख उनकी सबसे विशिष्ट पहचान है। हाथी भारतीय मानस में बुद्धि, स्मृति, धैर्य और शक्ति का प्रतीक रहा है। बड़ा मस्तक हमें बड़ा सोचने की प्रेरणा देता है। आज भारत को भी सीमित सोच से बाहर निकलकर वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप दीर्घकालीन और व्यापक दृष्टि विकसित करनी होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष विज्ञान, डिजिटल अर्थव्यवस्था, हरित ऊर्जा, जैव-प्रौद्योगिकी और नई औद्योगिक क्रांति के युग में वही राष्ट्र आगे बढ़ेगा जो ज्ञान को अपनी सबसे बड़ी शक्ति बनाएगा। गणेशजी का मस्तक मानो संदेश देता है—ज्ञान जितना व्यापक होगा, विकास उतना ही दूरगामी होगा।

उनके बड़े कान लोकतांत्रिक नेतृत्व की अनूठी सीख देते हैं। अच्छा नेतृत्व वह नहीं जो केवल बोलता है, बल्कि वह है जो सुनता है। जनता की आकांक्षाओं, युवाओं के सपनों, किसानों की समस्याओं, श्रमिकों की चुनौतियों, महिलाओं की अपेक्षाओं और वंचित वर्गों की आवाज को सुनना ही संवेदनशील शासन की पहचान है। भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने, इसके लिए विकास



का मॉडल जनभागीदारी पर आधारित होना चाहिए। गणेशजी के बड़े कान हमें सिखाते हैं कि जनता की आवाज सुनना ही सुशासन की पहली शर्त है।

उनकी छोटी आंखें एकाग्रता और सूक्ष्म दृष्टि का प्रतीक मानी जाती हैं। आज सूचना और विकल्पों की अधिकता के दौर में ध्यान भटकना आसान है। राष्ट्र के सामने भी अनेक चुनौतियां हैं। इसलिए लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए और ऊर्जा अनावश्यक विवादों में नहीं, राष्ट्र के निर्माण में लगनी चाहिए। विकसित भारत का लक्ष्य तभी सार्थक होगा जब व्यक्ति से लेकर शासन तक प्राथमिकताओं की स्पष्टता, कार्य में एकाग्रता और परिणाम के प्रति प्रतिबद्धता हो।

गणेशजी की सूंड अत्यंत संवेदनशील होने के साथ शक्तिशाली भी है। वह सूक्ष्म वस्तु को भी संभाल सकती है और भारी कार्य भी कर सकती है। यह क्षमता हमें परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की प्रेरणा देती है। आज के भारत को भी यही लचीलापन चाहिए। तकनीक बदल रही है, रोजगार के स्वरूप बदल रहे हैं, वैश्विक अर्थव्यवस्था बदल रही है और पर्यावरणीय चुनौतियां बढ़ रही हैं। जो समाज परिवर्तन को समझकर अपनी क्षमता विकसित करेगा, वही भविष्य का नेतृत्व करेगा।

गणेशजी का लंबोदर भी गहरा जीवन-संदेश देता है। इसे विशाल हृदय, सहनशीलता और जीवन की विविधताओं को आत्मसात करने की क्षमता का प्रतीक माना जा सकता है। राष्ट्रनिर्माण में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन मनभेद विनाशकारी हो सकते हैं। भारत की शक्ति उसकी विविधता में है। भाषा, संस्कृति, परंपरा, विचार और जीवन-पद्धति की विविधता को संघर्ष का कारण नहीं, राष्ट्रीय शक्ति का आधार बनाना होगा। गणेशजी का व्यक्तित्व हमें समावेशी भारत की प्रेरणा देता है—ऐसा भारत जिसमें विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई स्वयं को राष्ट्र की मुख्यधारा से अलग महसूस न करे।

गणेशजी का वाहन मूषक भी अत्यंत अर्थपूर्ण प्रतीक है। विशालकाय गजानन का वाहन एक छोटा-सा मूषक है। यह मानो अहंकार पर नियंत्रण और छोटे से छोटे तत्व के महत्व को स्वीकार करने का संदेश देता है। आधुनिक भारत में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और बड़ी परियोजनाओं के साथ छोटे उद्यमी, कारीगर, किसान, स्टार्टअप, स्थानीय व्यवसाय और सामान्य नागरिक भी विकास की धुरी हैं। विकसित भारत का अर्थ केवल बड़े भारत से नहीं, बल्कि हर व्यक्ति को अवसर देने वाले भारत से है। गणेशजी की चार भुजाएं कर्म, ज्ञान, विवेक और संतुलन के समन्वय का संदेश देती हैं। आज भारत को ज्ञान और कौशल से संपन्न युवा चाहिए, उद्यमशील नागरिक चाहिए और ऐसे संस्थान चाहिए जो नवाचार को प्रोत्साहित करें। केवल डिग्री नहीं, उपयोगी ज्ञान; केवल नौकरी नहीं, रोजगार सृजन; केवल उपभोग नहीं, उत्पादन—यही विकसित भारत की आधारभूमि बन सकती है।

गणेशजी को विघ्नहर्ता कहा जाता है, लेकिन विघ्नों को समाप्त करने का वास्तविक अर्थ समस्याओं से पलायन नहीं, बल्कि उनका साहसपूर्वक सामना करना है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, सामाजिक असमानता, प्रदूषण और अंधविश्वास जैसे राष्ट्रीय विघ्न केवल कानूनों से नहीं, सामूहिक चेतना और नागरिक जिम्मेदारी से दूर होंगे। गणेशजी का साहस हमें बताता है कि कठिनाई जितनी बड़ी हो, संकल्प उससे बड़ा होना चाहिए।

ऋद्धि और सिद्धि का गणेशजी से जुड़ाव भी विकास की व्यापक अवधारणा को स्पष्ट करता है। केवल धन-संपदा ऋद्धि नहीं और केवल उपलब्धि सिद्धि नहीं; दोनों का संतुलन आवश्यक है। भारत की आर्थिक समृद्धि के साथ ज्ञान, संस्कार, नैतिकता और मानवीय मूल्यों की सिद्धि भी होनी चाहिए। तभी समृद्धि स्थायी और सार्थक बनेगी। शुभ और लाभ का संदेश भी यही है कि उपलब्धि तभी शुभ है जब वह व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के व्यापक हित में हो।

गणेशजी को प्रथम पूज्य और बुद्धि के देवता के रूप में स्मरण करने की भारतीय परंपरा आज के भारत के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। जब देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है, तब आवश्यकता केवल सरकारों के प्रयासों की नहीं, बल्कि विकसित सोच वाले नागरिकों की है। प्रत्येक भारतीय अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, उत्कृष्टता, नवाचार, अनुशासन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे, तो विकास का लक्ष्य जनआंदोलन बन सकता है।

गणेश चतुर्थी इसलिए हमें केवल प्रतिमा स्थापित करने और उत्सव मनाने का अवसर न दे, बल्कि अपने भीतर गणेशत्व जगाने का संकल्प दे। बुद्धि में विशालता हो, दृष्टि में दूरदर्शिता हो, कानों में संवेदनशीलता हो, वाणी में मधुरता हो, कर्म में शक्ति हो, मन में धैर्य हो और व्यवहार में समावेशिता हो—यही गणेशजी की वास्तविक आराधना है। जब भारत का नागरिक अपने भीतर के विघ्नों—अज्ञान, आलस्य, अहंकार, स्वार्थ और संकीर्णता—पर विजय प्राप्त करेगा, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा।

भगवान गणेश का संदेश अंततः यही है कि मंगल बाहर से नहीं आता, उसे अपने विचार, व्यवहार और कर्म से निर्मित करना पड़ता है। यदि गणेशजी की बुद्धि, विवेक, धैर्य, साहस, श्रवणशीलता, आत्मसंयम और समावेशी दृष्टि को राष्ट्रीय जीवन का हिस्सा बनाया जाए, तो भारत केवल आर्थिक रूप से विकसित राष्ट्र नहीं, बल्कि समृद्ध, संस्कारित, संवेदनशील, आत्मनिर्भर और विश्व को दिशा देने वाला आदर्श राष्ट्र बन सकता है। यही गणेश चतुर्थी की सबसे बड़ी राष्ट्रीय साधना और विकसित भारत 2047 के संकल्प की सार्थक परिणति होगी।

# हिंदी भाषा पर अवलंबित वैश्विक अर्थतंत्र

संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार स्तंभकार,



डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा है कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द या भाषा का तिरस्कार नहीं किया। और यही तथ्य हिंदी भाषा के गौरव को अत्यंत विशाल तथा विराट बनाती है । हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति सनातन तथा संस्कारों की सारगर्भित भाषा है। हिंदी भाषा भारत में ही 141 करोड़ लोगों की भाषा बन चुकी है। देश के लिए जनसंख्या जरूर समस्या के रूप में देखी जा सकती है पर अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए यह एक बड़े बाजार का खजाना ही साबित हो रही है । भारत अब एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता बाजार बन चुका है और और भारतीय उत्पाद को बेचने के लिए हिंदी भाषा एक सशक्त माध्यम बन चुकी है। भारत में न जाने कितनी अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक संस्थाएं अपने उत्पाद बेचने के लिए आतुर रहती हैं और यही एक बड़ा कारण है कि उन्हें अपने विज्ञापन तथा माल बेचने के लिए भारतीय उपभोक्ताओं को आकर्षित करने हिंदी में विज्ञापन में बेची जाने वाली वस्तुओं की समस्त जानकारी रखनी होती हैं ।यह उनकी व्यावसायिक मजबूरी ही है कि भारत तथा विदेशों में रहने वाले तमाम हिंदुस्तानियों के लिए हिंदी भाषा के माध्यम से प्रचार प्रसार तथा विज्ञापन करती रहें तब जाकर उनका निर्मित उत्पाद विक्रय के लिए बाजार में आ सकेगा। वर्तमान में हिंदी को वैश्विक स्तर पर उपभोक्तावाद से जोड़ा गया है। और बीच-बीच में हिंदी के मध्य उर्दू और अंग्रेजी ने अपनी जगह बनाई है। आज स्थिति यह है कि हिंदुस्तान में ही हिंदी से ज्यादा अंग्रेजी के कई शब्द मिलाकर हिंग्लिश भाषा बोली जाती है। न्यूज़ चैनल में न्यूज़ एंकर विशुद्ध हिंदी की जगह हिंग्लिश ही बोलकर अपनी इतिश्री कर लेते हैं। और तो और अब हिंदी के बड़े साहित्यकार भी हिंदी में अंग्रेजी तथा उर्दू के शब्द मिलाकर लिख रहे हैं, बोल रहे हैं, और पढ़ रहे हैं। विडंबना यह है कि भारत में 141 करोड़ उपभोक्ता की उपस्थिति में विशुद्ध हिंदी का प्रयोग करना थोड़ा कठिन हो जाता है ।जैसे हम टी,वी, को दूरदर्शन नहीं कहते, इंटरनेट को इंटरनेट ही लिखा जाता है, अंतरजाल नहीं लिखा जाता ।यह जितनी अंग्रेजी की शब्दावली हिंदी में जुड़ी हुई है,यह संचार माध्यम टी,वी व्हाट्सएप,फेसबुक,ट्विटर, इंटरनेट सीधे-सीधे उपभोक्ताओं के बाजार वाद के कारण जुड़े हुए हैं। हिंदुस्तान में लगभग 141 करोड़ उपभोक्ता निवास करते हैं, और उन तक पहुंचने के लिए हिंदी का प्रयोग अंग्रेजी तथा उर्दू की मिलावट के साथ किया जाता है। वैश्विक स्तर पर भी देखा जाए तो हिंदुस्तानी मूल के लोग श्रीलंका,मॉरीशस,फिजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा,ऑस्ट्रेलिया,न्यू जीलैंड, साउथ अफ्रीका में फैले हुए हैं। ऐसे में हिंदी का वैश्विक विस्तार अपने आप हिंदी भारतीय अप्रवासी, प्रवासी भारतीय लोगों के माध्यम से होने लगता है ।फिर अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रॉस, इटली, जापान,चाइना इनके उत्पादक को भारत के उपभोक्ताओं के बीच बेचने के लिए उन्हें हिंदी की आवश्यकता होती है, भारत एक शक्तिशाली उपभोक्ता बाजार है। एक साथ एक ही जगह इतने ग्राहक मिलना किसी अन्य देश में असंभव है। इन परिस्थितियों में विश्व का हर देश अपने बनाए गए उत्पादन का बाजार खोजने भारत की ओर खिंचा चलाआता है। और हिंदी को माध्यम बनाकर वह अपना माल बेचना शुरू करता है। और इसके लिए टी,वी, इंटरनेट, कंप्यूटर,व्हाट्सएप तथा फेसबुक में हिंदी में विज्ञापन देकर उसका प्रचार प्रसार करता है। विज्ञापनों में हिंदी का व्यापक रूप से प्रचार और प्रसार वैश्विक स्तर पर होने लगा है।

डॉक्टर जयंती प्रसाद नौटियाल ने भाषा शोध अध्ययन 2012 में यह दावा किया है कि विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी ही है। हिंदी में अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं का उपयोग करने वालों को पीछे छोड़ दिया है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा बनाए जाने का निर्णय लिया था। इसी तारतम्य में भारत में प्रत्येक पर 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में व्यापक स्तर पर देश की राजधानी दिल्ली चलेगी ग्राम पंचायत तक मनाया जाता है। डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा है हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द या भाषा का तिरस्कार नहीं किया। वैसे भी अंग्रेजों के आगमन के पूर्व हिंदी देवनागरी लिपि में उर्दू तथा फारसी शब्दों का समावेश होता रहा है। अंग्रेजों के आने के बाद इसने अंग्रेजी शब्दों को भी आत्मसात किया। हिंदी एक विशाल हृदय की विशाल भाषा है। इसमें अन्य भाषा के अपभ्रंश आने से हिंदी कभी मूल रूप से दिग्भ्रमित या विकृत नहीं हो पाई है। यही वजह है कि हिंदी वैश्विक स्तर पर धीरे-धीरे विस्तारित, प्रचारित एवं प्रसारित होती जा रही है। वर्तमान में विश्व में लगभग 45 करोड़ से अधिक लोग हिंदी भाषा बोलते हैं, इसकी सरलता विश्व के लोगों को प्रभावित करती जा रही है, भारत के विद्वानों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों, कवियों, फिल्मी गीत कारों के प्रयासों से हिंदी ने वैश्विक रूप लिया है। हिंदी को वैश्विक रूप से उपभोक्ताओं से जोड़ने के लिए फिल्म निर्माताओं गीतकार एवं संगीत, गानों का भी बड़ा योगदान रहा है। हिंदुस्तान में बनी फिल्म को विदेशों में रह रहे भारतीय तथा अन्य भाषाई लोग उसके गीतों तथा उसके संवाद के कारण उस फिल्म को देखने जाते हैं, जिससे सीधे-सीधे भारतीय फिल्मकारों को विदेशी मुद्रा का अर्जन होता है। इस तरह उपभोक्तावाद, बाजारवाद के नजरिए से देखें तो हिंदुस्तानी उपभोक्ताओं का बहुत बड़ा बाजार वैश्विक स्तर पर फैला हुआ है। जिससे हिंदी भाषा न सिर्फ बाजारवाद की भाषा बनी है, बल्कि साहित्यिक रूप से भी गीत, ग़ज़ल और गानों के रूप में समृद्ध हुई है। वर्तमान में हिंदी न सिर्फ हिंदुस्तान में बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय होती जा रही है। भारत में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए 14 सितंबर को हिंदी दिवस मना कर एवं वैश्विक स्तर पर विश्व हिंदी सम्मेलन अलग-अलग देशों में आयोजित किया जाता रहा है। इस संदर्भ में पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने कहा कि हिंदी के प्रचार प्रसार तथा विस्तार को कोई भाषा रोक नहीं सकती है। हिंदी भारत की एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसके माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न भाषा वासी लोग आपस में अपने विचारों का आदान-प्रदान सकते हैं। एनी बेसेंट ने हिंदी भाषा को लेकर काफी सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं मैं जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह हिंदी है। वह व्यक्ति जो हिंदी जानता है पूरे भारत में किसी भी प्रांत की यात्रा कर सकता है और हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। अब तो बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने उत्पादों का प्रचार प्रसार पूर्णता हिंदी में करना शुरू कर दिया। इसी तारतम्य में यदि यह कहा जाए कि हिंदी वैश्विक बाजार वाद या उपभोक्तावाद की सबसे बड़ी एवं सशक्त भाषा बन गई है, तो यह अतिरेक नहीं होगा। अंग्रेजी जरूर अंतर राष्ट्रीय भाषा है,पर हिंदी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बोले जाने वाली द्वितीय भाषा तो जरूर है ही, एवं उपभोक्ताओं के लिए यह प्रथम स्थान रखती है ।भारत में हिंदी भाषा सभी प्रांतों सभी राज्यों को एकता के सूत्र में पिरोने वाली एक मातृभाषा स्थापित रूप से है। इसीलिए इसे राजभाषा तथा राष्ट्रभाषा का वास्तविक सम्मान दिए जाने की आवश्यकता है।

**एक नजर**

### पावर कंपनी के 12 संगठनों ने ओपीएस बहाली को लेकर ईडी को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर,13 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी में पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी आमसभा एवं ज्ञापन कार्यक्रम के तहत जगदलपुर मुख्यालय में पावर कंपनी से जुड़े 12 संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एकजुटता के साथ कार्यपालक निदेशक जगदलपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव, सीएसपीएस प्रबंध निदेशक एवं विद्युत नियामक आयोग के सचिव को भी भेजी गई है। पावर कंपनी के कर्मचारी लंबे समय से पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग कर रहे हैं। इस बार 12 संगठनों के एक साथ मंच पर आने से आंदोलन को नई मजबूती मिली है। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शासन स्तर पर जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो आगे और बड़े आंदोलन की राह अपनाई जाएगी।

### महेश्वरी भवन में 19 से 23 सितम्बर तक पांच दिवसीय सहकार मेला का आयोजन

**जगदलपुर,13 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने प्रेस वार्ता में आज शनिवार को बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), किसान उत्पादक संगठनों (एफ़पीओ), सहकारी संस्थाओं, कारीगरों तथा स्थानीय उत्पादकों को बाज़ार से जोड़ने और उनके उत्पादों को व्यापक पहचान प्रदान करने के उद्देश्य से ÷सहकार मेला÷ का आयोजन 19 सितम्बर से 23 सितम्बर 2026 तक महेश्वरी भवन, कुम्हारपारा, जगदलपुर में किया जा रहा है। मेले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा वस्त्र/हथकरघा एवं कारीगर विकास से संबंधित विभागों की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होने बताया कि इस पांच दिवसीय मेले में कुल 70 प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें से 60 स्टॉल देश के विभिन्न प्रांतों से आने वाले एमएसएमई, एसएचजी एवं एफ़पीओ इकाइयों के लिए होंगे, जबकि 10 स्टॉल विशेष रूप से बस्तर जिले के स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय कारीगरों एवं उत्पादकों के लिए आरक्षित किए गए हैं। मेले में कपड़े एवं वस्त्र, लेदर उत्पाद, खाद्य उत्पाद, आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक उत्पाद, ऑर्गेनिक उत्पाद, हस्तशिल्प तथा अन्य स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित और बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। सहकार मेले में भारतीय प्राचीन कलाओं एवं स्थानीय लोक संस्कृति को विशेष स्थान दिया जाएगा। मेले के दौरान बस्तर एवं स्थानीय लोक नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक एवं सामाजिक संदेश आधारित प्रस्तुतियां चनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियां जादू शो का आयोजन किया जाएगा। विशेष रूप से स्कूल के वि?द्यार्थियों के लिए जादू शो एवं चयनित मनोरंजक कार्यक्रम निःशुल्क रखे जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक बच्चे एवं युवा कार्यक्रम में भाग ले सकें।

### आयोजन की जानकारी नहीं देने पर सरपंच ने सचिव से की मारपीट

**कांकेर,13 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत परवी में प्रधानमंत्री आवास योजना के गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान विवाद का मामला सामने आया है। पंचायत सचिव ने सरपंच पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद सचिव ने भानुप्रतापपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं सरपंच ने सचिव पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत परवी में भी गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम की सूचना पंचायत सचिव ने सरपंच को नहीं दी थी। जब सरपंच को किसी माध्यम से कार्यक्रम की जानकारी मिली, तो वह कार्यक्रम स्थल पहुंचा और सचिव से इस संबंध में जानकारी लेने लगा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने के बाद सरपंच ने पंचायत सचिव के साथ मारपीट की। घटना के बाद पंचायत सचिव भानुप्रतापपुर थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। मामले को लेकर सचिव संघ ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, सरपंच ने सचिव पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

# जिले में 17 सितंबर से चलेगा सेवा संकल्प अभियान

**■ एक माह तक गांव से जिला स्तर तक होंगी विभिन्न गतिविधियां, 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 13 सितंबर।** जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की जनसेवा एवं समर्पण यात्रा के प्रति आभार व्यक्त करने और विकसित भारत-2047 के संकल्प को जनभागीदारी से जोड़ने के उद्देश्य से यह अभियान आयोजित किया जा रहा है।

अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर की शाम



'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगा। जिला स्तरीय आयोजन मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। इसके अलावा ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालयों और निर्माण स्थलों पर भी दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।

अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्टर विश्वदीप ने जिला कलेक्टोरेट में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान को केवल कार्यक्रमों तक सीमित न रखते हुए अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

#### स्कूलों में होंगी प्रतियोगिताएं

'25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत' पहल के तहत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक शासकीय एवं निजी स्कूलों में ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

#### गांव-गांव पहुंचेगी सेवा गाथा

'नमो सेवा गाथा' के तहत नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं और उनसे लोगों के जीवन में आए बदलावों की जानकारी दी जाएगी। वहीं 'आंगन का उत्सव' के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण, टीकाकरण और महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं को लेकर जागरूकता गतिविधियां होंगी।

#### सरकार आपके द्वार के तहत लगेंगे शिविर

'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के माध्यम से विधानसभा और विकासखंड स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से जोड़ने और योजनाओं की जानकारी देने पर जोर रहेगा।

अभियान के दौरान स्वच्छता, जल संरक्षण, सेवा गतिविधियों, यात्रा, नवाचार और जनभागीदारी से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित होंगी। सभी कार्यक्रमों का फोटो-वीडियो अभिलेखीकरण कर डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एवं अभियान की नोडल अधिकारी नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, उत्तम सिंह पंचारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दो सड़क पैकेजों के निरस्तीकरण पर कंपनी ने उठाए सवाल,निष्पक्ष स्थल जांच की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 13 सितंबर।** जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों को लेकर लगातार सामने आ रही खबरों और विभागीय कार्रवाई के बीच कुलकर्णी एंड साहू बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने अब अपना पक्ष सार्वजनिक करते हुए कार्रवाई की प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े किए हैं। कंपनी का दावा है कि जिन दो सड़क पैकेजों को लेकर खबरें प्रकाशित की जा रही हैं, उनका निर्माण कार्य 30 अप्रैल 2026 को ही पूर्ण किया जा चुका था, जबकि विभाग को इसकी लिखित सूचना 10 जुलाई 2026 को दी गई। इसके बावजूद 16 जुलाई 2026 को दोनों पैकेज निरस्त कर दिए गए।



कंपनी ने इसे एकपक्षीय कार्रवाई बताते हुए कहा है कि वास्तविक स्थिति जानने के लिए पहले मौके का निष्पक्ष भौतिक सत्यापन कराया जाना चाहिए। कंपनी के मुताबिक कागजी आरोपों और 3 साल पुरानी पत्रों एवं खबरों के आधार पर कार्रवाई करने के बजाय सड़क की वर्तमान स्थिति देखकर ही निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए।

कंपनी का सीधा सवाल–सड़क बनी है तो फिर विवाद किस बात का?

कंपनी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि संबंधित सड़कों पर विभागीय अभियंताओं के निर्देश के अनुसार मिट्टी, मुरुम, पुल-पुलिया, रोड फर्नीचर सहित आवश्यक निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। कंपनी का दावा है कि मीडिया में प्रसारित कुछ खबरें दो से तीन वर्ष पुराने मामलों अथवा पुराने तथ्यों पर आधारित हैं, जबकि वर्तमान स्थिति का मौके पर सत्यापन नहीं किया गया।

कंपनी ने मीडिया से भी आग्रह किया है कि यदि सड़क निर्माण को लेकर कोई शिकायत या आरोप है तो संबंधित स्थल पर जाकर वास्तविक स्थिति देखी जाए। यदि सड़क बनी नहीं है तो तथ्य सामने रखे जाएं, लेकिन यदि निर्माण कार्य मौके पर मौजूद है तो उसे भी खबर का हिस्सा बनाया जाए।

**इन दो सड़क पैकेजों पर है पूरा विवाद :** कंपनी ने अपनी विज्ञप्ति में दो सड़क पैकेज छ्त्त-17-129ः ऱ062-ज्ञ02 से मेड़पाल – 4.50 किमी, पैकेज छ्त्त-17-313ः ऱ083-ऱ064 पिटेपाल से तमोड़ी – 5 किमी का उल्लेख किया गया है। दोनों सड़कें भैरमगढ़ ब्लॉक, जिला बीजापुर में बताई गई हैं। कंपनी का दावा है कि इन दोनों सड़कों का कार्य पूर्ण हो चुका है और अब मौके पर कोई निर्माण कार्य शेष नहीं है।

**जांच का पैमाना कागज नहीं, जमीन पर हो:** पूरे मामले में अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब ठेकेदार निर्माण पूरा होने का दावा कर रही है और विभाग को इसकी लिखित सूचना दिए जाने की बात भी सामने रख रही है, तो मौके पर संयुक्त एवं निष्पक्ष निरीक्षण कर वास्तविकता सामने लाने में क्या आपत्ति है? अगर सड़क वास्तव में बनी है, तो स्थल निरीक्षण कंपनी के दावे की पुष्टि कर सकता है। वहीं यदि निर्माण अधूरा है या गुणवत्ता में कमी है, तो निरीक्षण के आधार पर जिम्मेदारी तय की जा सकती है।

**'आरोप-प्रत्यारोप' से नहीं, भौतिक सत्यापन से निकलेगा सच:** कंपनी ने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ लोगों द्वारा गलत अथवा भ्रामक जानकारी के आधार पर खबरें प्रसारित कराई जा रही हैं, जिससे अनावश्यक भ्रम की स्थिति बन रही है। कंपनी का दावा है कि कार्य पूर्ण होने के बावजूद ठेकेदार को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मौके का भौतिक सत्यापन ही वास्तविक तस्वीर सामने ला सकता है।

अब सवाल विभाग के सामने है– क्या कंपनी के दावों की निष्पक्ष स्थल जांच होगी? क्या दोनों सड़क पैकेजों की वर्तमान स्थिति सार्वजनिक की जाएगी? और यदि सड़कें वास्तव में अप्रैल में पूर्ण हो चुकी थीं, तो जुलाई में पैकेज निरस्त करने के पीछे विभागीय आधार क्या था?

लाखों-करोड़ों रुपए लगाकर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने के बावजूद भी कई लोग भ्रामक और तथ्यहीन खबरें प्रकाशित करते हैं जिससे फर्म का नाम खराब हो रहा है। निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से खबरें प्रकाशित करने के पूर्व संबंधित पक्षों का बयान और मौके का मुआयना किया जाना चाहिए, जिससे अनावश्यक भ्रांतियां उत्पन्न न हो सके।

## उसूर में कलेक्टर-सीईओ ने स्कूल से अस्पताल तक व्यवस्था का निरीक्षण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 13 सितंबर।** जिले के उसूर विकासखंड में शुक्रवार को कलेक्टर विश्वदीप एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे ने विभिन्न शासकीय संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, छात्रावास व्यवस्था और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति परखी। निरीक्षण के दौरान जहां व्यवस्थाओं में सुधार की जरूरत सामने आई, वहीं संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**पोटाकेबिन में बच्चों से सीधे संवाद, शिक्षा की गुणवत्ता पर फोकस :** कलेक्टर एवं सीईओ ने सबसे पहले बालिका पोटाकेबिन का निरीक्षण किया। उन्होंने अध्ययनरत बालिकाओं और शाला त्यागी बच्चों से सीधे संवाद कर पढ़ाई, उपस्थिति और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और शिक्षण व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर एक अनुदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

**नवनिर्मित एकलव्य विद्यालय और छात्रावास का भी निरीक्षणः** इसके बाद दुगईगुड़ा स्थित नवनिर्मित एकलव्य विद्यालय भवन का अवलोकन किया गया। कलेक्टर एवं सीईओ ने बालक एवं बालिका छात्रावासों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से भोजन, आवास, अध्ययन सहित उपलब्ध अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने छात्रावासों में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने और विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

**बासागुड़ा अस्पताल में मरीजों से पूछा—मिल रही सुविधाएंः** अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बासागुड़ा पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में सीधे जानकारी ली। चिकित्सकों से ओपीडी, दवाइयों की उपलब्धता, स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति समेत अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

### डिप्टी सीएम अरुण साव ने मां दंतेश्वरी के किए दर्शन, गीदम में साहू परिवार से की आत्मीय मुलाकात

**गीदम 13 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव अपने तीन दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान दंतेवाड़ा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और माता के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।



बस्तर प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री ने जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके बाद उपमुख्यमंत्री अरुण साव गीदम पहुंचे। यहां उन्होंने नगर पंचायत गीदम के वार्ड क्रमांक 06 के पार्षद विनोद साहू के निज निवास पहुंचकर साहू परिवार से मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री के आगमन पर परिवारजनों द्वारा पारंपरिक ढंग से तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। बताया गया कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव के बंशीलाल साहू परिवार के साथ लंबे समय से आत्मीय एवं मधुर पारिवारिक संबंध हैं। गीदम प्रवास के दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों से सहजता एवं आत्मीयता के साथ बातचीत की और सभी का हालचाल जाना। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास, स्थानीय समस्याओं एवं विभिन्न विषयों को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान बंशीलाल साहू, विनोद साहू, चंदन सिंह साहू, यशवंत साहू सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री अरुण साव के गीदम आगमन को लेकर वार्ड क्रमांक 06 सहित पूरे नगर में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। उनके स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह रहा और स्थानीय लोगों ने भी उनसे आत्मीय मुलाकात की।

# एसपी ने सीमावर्ती थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**■ तारलागुड़ा और भद्राकाली थानों में रोजनामचा से लेकर शस्त्रागार तक का निरीक्षण, लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 13 सितंबर।** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अंतरराज्यीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने 11 सितंबर को तेलंगाना सीमा से लगे तारलागुड़ा एवं भद्राकाली थाना क्षेत्रों का आकस्मिक भ्रमण किया। एसपी के अचानक पहुंचने से थानों की कार्यप्रणाली और सीमा सुरक्षा व्यवस्था का मौके पर जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विषम एवं संवेदनशील परिस्थितियों में तैनात पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवानों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा



उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने जवानों को पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

एसपी ने दोनों थानों में दैनिक कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण करते हुए रोजनामचा, अपराध पंजी, मालखाना, शस्त्रागार और हवालात की स्थिति का जायजा लिया। थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को लंबित अपराधों, शिकायतों, मर्ग एवं गुमशुदगी के मामलों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विवेचना पूर्ण कर न्यायालय में चालान शीघ्र प्रस्तुत करने पर जोर दिया गया।

#### तेलंगाना सीमा पर बढ़ाई जाए चौकसी

सीमावर्ती थाना होने के कारण तारलागुड़ा एवं भद्राकाली में अंतरराज्यीय सीमा की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। एसपी ने सघन चेकिंग अभियान चलाने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने तथा अवैध तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने तेलंगाना पुलिस के साथ बेहतर अंतरराज्यीय समन्वय स्थापित करने, सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित करने और सीमा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण बनाए रखने पर भी जोर दिया। साथ ही आम नागरिकों के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए पुलिस की जनहितकारी छवि को मजबूत करने के निर्देश दिए।

# एनएमडीसी दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम में 55 अधिकारियों ने हिस्सा लिया

**हैदराबाद, 13 सितंबर।** सतर्कता जागरूकता अभियान के अग्रदूत के रूप में, एनएमडीसी सतर्कता विभाग ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के मार्गदर्शन में पहचाने गए प्रमुख फोकस क्षेत्रों को कवर करते हुए 10 और 11 सितंबर 2026 को हैदराबाद में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। एनएमडीसी की विभिन्न परियोजनाओं और प्रधान कार्यालय के लगभग 55 अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने सार्वजनिक खरीद, अनुबंध प्रबंधन और साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर व्यावहारिक और संवादात्मक सत्र दिए। उद्घाटन कार्यक्रम में एनएमडीसी के निदेशक (उत्पादन) श्री जॉयदीप दास गुप्ता और श्री सी नीलकंठ रेड्डी, सीवीओ, एनएमडीसी की उपस्थिति रही। । 10 सितंबर 2026 को, श्री कंवलप्रीत, आईआरएसएस, अपर मुख्य सतर्कता अधिकारी, सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) ने ÷जीईएम - नई विशेषताएं और कार्यक्षमताएं÷ पर एक सत्र आयोजित किया, जिसमें जीईएम प्लेटफॉर्म के नवीनतम



विकास और कार्यक्षमताओं में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। इसके बाद श्री एम के सिंह, पूर्व सीएमडी, इरकॉन और एजेएनआईएफएम में प्रो. एस.एस. द्वारा सार्वजनिक खरीद पर एक सत्र आयोजित किया गया, जिन्होंने समकालीन सार्वजनिक खरीद प्रथाओं पर अपने व्यापक अनुभव और व्यावहारिक दृष्टिकोण साझा किए। उक्त कार्यक्रम दो अंतर्दृष्टिपूर्ण और इंटरैक्टिव सत्रों के साथ दूसरे दिन में भी जारी रहा । श्री एम. के. सिंह ने प्रासंगिक केस स्टडी और अपने व्यापक व्यावसायिक अनुभव के साथ सार्वजनिक खरीद और पोस्ट-अवार्ड अनुबंध प्रबंधन पर मूल्यवान व्यावहारिक अंतर्दृष्टि के विभिन्न पहलूओं पर प्रकाश डाला। श्री हरीश.आर, सी-डैक के वैज्ञानिक-सी, ने साइबर सुरक्षा और साइबर स्वच्छता पर एक जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया।

# बस्तर में देवताओं को जनअदालत में सजा सुनाते हैं भक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 13 सितंबर।** सदियों से अपनी हर समस्या के लिए ग्राम देवताओं की चौखट में मत्था टेकने का आदी बस्तरिया जनअपेक्षाओं की कसौटी पर खरे नहीं उतरने वाले देवों को भी दंडित करने का जज्बा रखता है। यह दंड आर्थिक जुर्माने, अस्थायी रूप से देवों का निलंबन या फिर हमेशा के लिए देवलोक से देवी-देवताओं की विदाई के रूप में होता है और यह सब होता है जनता की अदालत में।

बस्तर जिले के केशकाल कस्बे में हर साल भादों जात्रा उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। यहां की भंगाराम देवी इलाके के 9 परगना के 55 राजस्व ग्राम में स्थापित एक हजार से भी अधिक ग्राम देवी-देवताओं की प्रमुख आराध्य देवी हैं, जिसके दर पर भादों मास के शनिवार को सभी उपस्थित होते हैं। यहां के पुजारी सरजूराम गौर बताते हैं कि इससे पहले देवी भंगाराम की सेवा पूजा लगातार 6 शनिवार तक होती है।



नए देव के पूजा का प्रावधान नहीं

इस वर्ष भादों जात्रा माह उत्सव 12 और 13 सितंबर को केशकाल में आयोजित हुआ। पधारे देवी-देवताओं का परंपरानुसार स्वागत कर उन्हें पद और प्रतिष्ठा के अनुरूप स्थान दिया गया। इनके साथ प्रतिनिधि के रूप में पुजारी, गायता, सिरहा, ग्राम प्रमुख, मांझी, मुखिया और पटेल पहुंचे थे। पूजा सत्कार के बाद वर्ष भर प्रत्येक गांव में सुख-शांति, सबके स्वस्थ रहने, अच्छी उपज और किसी भी तरह की दैविक आपदा से हर जीव की रक्षा के लिए मनौती मांगी गई। देवी-देवताओं को खुश और शांत रखने के लिए उन्हें प्रथानुसार बलि और अन्य भेंट दी गई। बिना मान्यता के किसी भी नए देव की पूजा का प्रावधान यहां नहीं है। जरूरत के मुताबिक अथवा ग्रामीणों की मांग पर नए देवताओं को यहां मान्यता दी जाती है। पूर्व सांसद और समिति के अध्यक्ष लंबोदर बलियार के मुताबिक दोषी पाए गए या ठहराए गए देवताओं को भी नाम मात्र का शुल्क अदा करना पड़ता है।

भादों जात्रा में सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल भी मिलती है। भंगाराम देवी के मंदिर के समीप डाक्टर खान देव नामक देवता भी मौजूद हैं, जिन पर पूरे 9 परगना में लोगों को बीमारियों से बचाए रखने की जिम्मेदारी है। जानकारों का बताना है कि वर्षों पहले क्षेत्र में कोई डाक्टर खान थे, जो बीमारों का इलाज पूरे सेवाभाव और निःस्वार्थ रूप से किया करते थे। उनके न रहने पर उनकी सेवा भावना के कारण उन्हें यहां की जनता ने देव रूप में स्वीकार कर लिया और उनकी भी पूजा की जाने लगी। जहां अन्य देवताओं को भेंट स्वरूप बलि दी जाती है, वहीं डाक्टर खान देव को अंडा और नीबू अर्पित किया जाता है। स्थानीय निवासी कृष्णदत्त उपाध्याय बताते हैं कि इलाके में बीमारी का प्रकोप होने पर सबसे पहले डाक्टर खान देव की ही पूजा होती है।

शनिवार की शाम शुरू हुई पूजा-अर्चना का दौर देर रात तक चलता रहा। रविवार की सुबह शुरू हुई वह प्रथा, जो पूरी दुनिया में अपनी विशिष्ट धार्मिक और कर्म प्रधान आदिवासी विरासत का अनूठा उदाहरण है। बस्तर का आदिवासी श्रम मानव है, इसलिए वह आंख मूंद कर अपने पूजित देवी-देवताओं पर विश्वास करने की बजाए ठोक बजाकर उन्हें जांचता-परखता है और समय-समय पर उनकी शक्ति का आंकलन भी करता है। अकर्मण्य और गैर जिम्मेदार देवी-देवताओं को सफाई का मौका देकर जनअदालत में उन्हें सजा भी सुनाता है। सजा देने वाले होते हैं भगवान के भक्त, यह स्थिति तब निर्मित होती है, जब इलाके का जनमानस किसी भी वजह से दुःखी और पीड़ित होता है। यहां यह उल्लेख प्रासंगिक है कि भंगाराम देवी इलाके की प्रमुख देवी हैं, फिर भी इस जात्रा में महिलाओं का प्रवेश और प्रसाद ग्रहण करना सर्वथा वर्जित है। नारना गांव के सिरहा रूपसिंह मंडावी की मानें तो स्त्रियां भावुक होती हैं, ऐसे में देवताओं के खिलाफ जात्रा में लगने वाली जनअदालत में देवताओं के खिलाफ लिए गए फैसलों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

## एक नजर

### आईटीआई रायगढ़ में रोजगार मेला का आयोजन 16 सितंबर को

रायगढ़, 13 सितम्बर। शासकीय आई.टी.आई.बोईरदादर, रायगढ़ में 16 सितंबर को रोजगार मेला आयोजित होगा, जिसमें तीन कंपनियों में कुल 36 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें प्रशिक्षु, फिटर, वेल्डर, डिप्लोमा इंजीनियरिंग प्रशिक्षु और स्नातक प्रशिक्षु के पद शामिल हैं। मेला सुबह 10 बजे से शुरू होगा। रोजगार मेले में जनदंबा स्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड में 6 पद, एनआर इंजीनियरिंग वर्क्स में 20 पद और 'हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड में 10 पद उपलब्ध हैं।

कार्यालय प्राचार्य शा.औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनदंबा स्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड में विद्युतकार (प्रशिक्षु) के 2, फिटर (प्रशिक्षु) के 2 और ऑपरेटर (प्रशिक्षु) के 2 पद हैं। विद्युतकार पद के लिए आईटीआई विद्युतकार, फिटर के लिए आईटीआई फिटर तथा ऑपरेटर के लिए किसी भी ट्रेड से आईटीआई की योग्यता निर्धारित की गई है। इन पदों पर मानदेय अप्रेंटिसशिप अधिनियम के अनुसार मिलेगा। इसी तरह एनआर इंजीनियरिंग वर्क्स' में फिटर के 10 और वेल्डर के 10 पदों पर भर्ती होगी। फिटर के लिए आईटीआई फिटर और वेल्डर के लिए आईटीआई वेल्डर योग्यता मांगी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 17 हजार से 21,500 रुपये प्रतिमाह' वेतन दिया जाएगा। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड' में डिप्लोमा इंजीनियरिंग प्रशिक्षु के 6 पद हैं। इसके लिए मैकेनिकल या इलेक्ट्रिकल में डिप्लोमा आवश्यक है। वहीं स्नातक प्रशिक्षु के 4 पदों के लिए किसी भी विषय में स्नातक की योग्यता रखी गई है। डिप्लोमा इंजीनियरिंग प्रशिक्षुओं को 10,900 रुपये और स्नातक प्रशिक्षुओं को 12,300 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर पहुंचकर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

### आंगनबाड़ी केन्द्र भगवानपुर क्र. 2 में सहायिका पद के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

रायगढ़, 13 सितम्बर। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र भगवानपुर क्र.2 (नगर पालिका वार्ड क्रमांक 45) में आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। मूल्यांकन समिति की हुई बैठक में प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर अनंतिम मूल्यांकन पत्रक परिशिष्ट-4 तैयार किया गया है। इसे महिला एवं बाल विकास विभाग के ऑनलाइन पोर्टल aww.e-bharti.in तथा परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशित किया गया है। आवेदिकाएं मूल्यांकन से संबंधित किसी लिपिकीय त्रुटि अथवा अन्य आपत्ति होने पर अपना दावा-आपत्ति ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 22 सितंबर 2026 तक लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### हरित रायगढ़ अभियान के तहत 11 हजार 803 पौधों का निःशुल्क वितरण



रायगढ़, 12 सितम्बर। जिले को हरा-भरा बनाने और पौधरोपण को जनभागीदारी से बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'हरित रायगढ़' अभियान के तहत 10 सितंबर को जिले की सात शासकीय उद्यान रोपणियों में निःशुल्क पौध वितरण किया गया। अभियान के दौरान किसानों, महिला समूहों एवं नागरिकों को विभिन्न प्रजातियों के कुल 11 हजार 803 फलदार एवं वानिकी पौधे वितरित किए गए।पौध वितरण के दौरान किसानों और ग्रामीणों को आम, अमरूद, सीताफल, पपीता, कटहल, नींबू, जामुन, मुनगा, आंवला और करोंदा सहित विभिन्न फलदार पौधे उपलब्ध कराए गए। इसके साथ ही शीशम, खम्हार और पीपल जैसे वानिकी पौधों का भी वितरण किया गया। अभियान का उद्देश्य पौधरोपण को बढ़ावा देने के साथ किसानों को फलोत्पादन से जोड़ना और जिले के हरित क्षेत्र का विस्तार करना है। अभियान के तहत तमनार स्थित शासकीय उद्यान रोपणी से 2 हजार 585, अंजोरीपाली से 800, कुंजारा लैलूंगा से 3 हजार 464, घरघोड़ा से 1 हजार 76, बोइरदादर से 2 हजार 250 तथा बाघाडोला पुसौर से 1 हजार 628 पौधों का वितरण किया गया। कुंजारा लैलूंगा की रोपणी से कटहल, अमरूद, सीताफल, नींबू, जामुन और पीपल सहित विविध प्रजातियों के 3,464 पौधे वितरित किए गए।

### समय-सीमा बैठक में विकास कार्यों, राजस्व प्रकरणों और शासकीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

# जनदर्शन और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



रायगढ़, 13 सितम्बर। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिला कलेक्टोरेट स्थित सभा कक्ष में शुक्रवार को समय-सीमा की बैठक लेकर सीएम हेल्पलाइन, कलेक्टर जनदर्शन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, विकास कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रकरणों का नियमानुसार, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जनदर्शन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर जनदर्शन में पहुंचते हैं। ऐसे आवेदनों का निराकरण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि आवेदक को वास्तविक राहत मिले। उन्होंने प्रत्येक आवेदन की गंभीरता से समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने तथा निराकरण की जानकारी संबंधित आवेदक को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों में अधिकारियों को शिकायतों की गंभीरता से समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निराकरण दर्ज करने से पहले संबंधित विभाग स्वयं प्रकरण की जांच करें, ताकि हितग्राही को समय पर उचित राहत मिल सके और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित हो।

### शासकीय राशि की क्षति रोकने आरआरसी प्रकरणों में करें नियमानुसार कार्रवाई

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों, पंचायतों, नगरीय निकायों एवं अन्य शासकीय कार्यों से संबंधित आरआरसी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा, जिनमें शासकीय राशि जारी होने के बावजूद संबंधित व्यक्ति द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है अथवा कार्य को पूरा करने में रुचि नहीं ली जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय राशि का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के लिए होना चाहिए और किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत लाभ के कारण शासकीय राशि की क्षति नहीं होनी चाहिए। ऐसे प्रकरणों में संबंधितों की जिम्मेदारी तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी वसूली प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाने तथा वसूली की प्रगति में सुधार लाने को कहा।बैठक में जल जीवन मिशन सहित विभिन्न शासकीय निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का अनिवार्य रूप से पालन हो। शासकीय निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराने और संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश

कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों, नक्शा-बटांकन तथा ऑनलाइन भू-अभिलेखों के अद्यतनीकरण की समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय भूमि से संबंधित अतिक्रमण एवं अन्य राजस्व मामलों में नियमानुसार जांच और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 को ध्यान में रखते हुए किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन, केसीसी एवं सहकारी बैंकों के माध्यम से ऋण वितरण की प्रक्रिया को सुगम बनाने के निर्देश दिए गए। लोक सेवा केंद्रों में नागरिक सेवाओं की प्रक्रिया सरल बनाने पर भी जोर दिया गया।

### आवास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

प्रधानमंत्री ग्रामीण एवं प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने किस्त प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जिन हितग्राहियों ने अभी तक निर्माण प्रारंभ नहीं किया है, उन्हें तत्काल निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए। वहीं, आवास निर्माण नहीं करने वाले हितग्राहियों के मामलों में शासन के नियमानुसार आवश्यक वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने दिव्यांगजनों तक यूडीआईडी का लाभ पहुंचाने के लिए समाज कल्याण, स्वास्थ्य एवं पंचायत विभाग को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की विभागवार तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रस्तावित गतिविधियों एवं आयोजन की तिथियों की जानकारी लेते हुए सभी विभागों को सफल बनाने के निर्देश दिए।

# धरमजयगढ़ की दो उचित मूल्य दुकानों में 31.76 लाख के खाद्यान्न की गड़बड़ी पर प्राथमिकी दर्ज कर संबंधितों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 13 सितम्बर। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने तथा हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा उचित मूल्य दुकानों के संचालन और राशन वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में खाद्य विभाग द्वारा उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। धरमजयगढ़ विकासखंड में जांच के दौरान दो उचित मूल्य दुकानों में गंभीर अनियमितता सामने आने पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि ग्राम गनपतपुर की शासकीय उचित मूल्य दुकान के निरीक्षण के दौरान स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। जांच में 704.93 क्विंटल चावल, 15.34 क्विंटल शक्कर और 31.98 क्विंटल नमक की कमी पाई गई। कम पाए गए खाद्यान्न का कुल अनुमानित मूल्य 18 लाख 86 हजार 345 रुपये है। इसी तरह ग्राम ससकोबा की शासकीय उचित मूल्य दुकान में जांच के दौरान 499.65 क्विंटल चावल, 5.37 क्विंटल शक्कर और 8.03 क्विंटल नमक की कमी सामने आई। इसकी अनुमानित कीमत 12 लाख 89 हजार 375 रुपये है। जांच में हितग्राहियों को राशन वितरण से संबंधित अनियमितता भी सामने आई। दोनों दुकानों में सामने आई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने दोनों प्रकरणों को विवेचना में लेते हुए संबंधितों को गिरफ्तार कर लिया है।

### उचित मूल्य दुकानों के संचालन पर लगातार निगरानी

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न के स्टॉक, भंडारण और हितग्राहियों को वितरण की व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों को दुकानों का नियमित निरीक्षण करने, स्टॉक का सत्यापन सुनिश्चित करने तथा हितग्राहियों को उनके हक का राशन समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा गया है।

### धरमजयगढ़ में बाजार शेड निर्माण के लिए 45.42 लाख रुपये स्वीकृत

रायगढ़, 12 सितम्बर। जिले में कृषि अधोसंरचना को मजबूत करने और स्थानीय स्तर पर कृषि उपज के व्यवस्थित विपणन को बढ़ावा देने लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से नगर पंचायत धरमजयगढ़ में गांधी चौक के पास बाजार शेड निर्माण के लिए 45 लाख 42 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।इस पहल का उद्देश्य किसानों एवं स्थानीय व्यापारियों को कृषि उपज के क्रय-विक्रय के लिए व्यवस्थित और सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना है। बाजार शेड बनने से कृषि उत्पादों को धूप और बारिश से बचाने के साथ बाजार क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं विकसित होंगी। इससे किसानों को अपनी उपज के विक्रय के लिए सुविधाजनक स्थान मिलेगा।

## समाचार संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत में 12 लाख से अधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण



रायगढ़, 13 सितम्बर। वर्ष 2026 की तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को जिला न्यायालय रायगढ़ में किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जितेंद्र जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रकरणों का पक्षकारों के मध्य आपसी राजीनामे के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया तथा नेशनल लोक अदालत की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को मिलाकर कुल 12 लाख 7 हजार 255 प्रकरणों का निराकरण किया गया। लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों की आपसी सहमति एवं राजीनामे के आधार पर प्रकरणों का निराकरण कर उन्हें त्वरित न्याय उपलब्ध कराया गया। नेशनल लोक अदालत के दौरान कुटुम्ब न्यायालय, रायगढ़ में राजीनामे के आधार पर 05 परिवारों को पुनः दाम्पत्य जीवन में पुनर्स्थापित किया गया। संबंधित परिवारों को उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस पहल से आपसी विवादों के समाधान के साथ परिवारों को पुनः एक साथ आने का अवसर मिला।लोक अदालत में वर्चुअल माध्यम से भी पक्षकारों की उपस्थिति दर्ज कराई गई और आपसी राजीनामे के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसके माध्यम से लोक अदालत की मूल भावना न्याय आपके द्वार को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया गया। नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में विभिन्न बैंकों, फाइनेंस कंपनियों, विद्युत विभाग एवं बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ अधिवक्तागण उपस्थित रहे। पक्षकारों को उनके प्रकरणों के त्वरित एवं आपसी सहमति से निराकरण के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

### स्वाइन फ्लू के संदिग्ध मरीजों की त्वरित जांच और उपचार सुनिश्चित करें: कलेक्टर

रायगढ़, 12 सितम्बर। जिले में स्वाइन फ्लू की रोकथाम एवं उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई व्यवस्थाओं की कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जिले में स्वाइन फ्लू की स्थिति, जांच एवं उपचार व्यवस्था तथा स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। कलेक्टर ने राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संदिग्ध मामलों की त्वरित जांच और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि स्वाइन फ्लू के संदिग्ध मरीजों की पहचान होने पर उनकी चिकित्सकीय स्थिति के अनुसार तत्काल आवश्यक जांच एवं उपचार की व्यवस्था की जाए। मरीजों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करते हुए आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रमण नियंत्रण संबंधी प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन करने तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

हाई रिस्क समूह पर विशेष निगरानी-कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों जैसे हाई रिस्क समूह पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तियों में स्वाइन फ्लू के लक्षण पाए जाने पर जांच एवं उपचार में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी सतर्क रखते हुए लक्षण वाले मरीजों की समय पर पहचान और आवश्यक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को स्वाइन फ्लू से बचाव एवं सावधानियों के संबंध में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। नागरिकों को खांसते या छींकते समय मुंह एवं नाक ढकने, हाथों की नियमित सफाई रखने तथा स्वाइन फ्लू के लक्षण दिखाई देने पर समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में स्वाइन फ्लू की स्थिति पर सतत निगरानी रखते हुए सभी स्वास्थ्य संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखें ।

# तीजा पर 250 से अधिक महिलाओं को साड़ी भेंटकर किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




दल्लीराजहरा, 13 सितंबर। छत्तीसगढ़ समन्वय समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ भवन दल्लीराजहरा में छत्तीसगढ़िया बहनों का पारंपरिक त्योहार तीज पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में 250 से अधिक महिलाओं को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत चिखलाकसा की अध्यक्ष श्रीमती कुंती देवांगन उपस्थित थीं। मंचस्थ अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के अध्यक्ष तोरण लाल साहू, रामदास मानिकपुरी, काशी निषाद, छगन साहू, घनश्याम पारकर, रूपलाल साहू एवं मोहन लाल साहू मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

स्वागत भाषण में समिति के अध्यक्ष रामदास मानिकपुरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 24 समाजों को एकत्र कर जात-पात और ऊंच-नीच के भेद को समाप्त करने और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने के लिए समिति का गठन किया गया है, जो पूरे छत्तीसगढ़ में एकमात्र उदाहरण दल्लीराजहरा में है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया कहलाने वाले हमारा छत्तीसगढ़िया समाज में एकता और सामंजस्य नहीं होने के कारण अपने ही प्रदेश में पराए होते जा रहे हैं। दूसरे प्रदेशों के लोग यहां आकर बड़े-बड़े सामाजिक भवन बना रहे हैं और एक-दूसरे का सहयोग कर रहे हैं, जबकि हम सहयोग तो दूर एक-दूसरे के पास भी नहीं आ पाते। हमें अपनी सोच बदलकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति और समाज को मजबूत करने के लिए एक होना पड़ेगा।

### संस्कृति को जीवित रखना है तो बच्चों को बताना होगा - कुंती देवांगन

मुख्य अतिथि कुंती देवांगन ने सभी बहनों को तीजा तिहार की बधाई देते हुए कहा कि आयोजन समिति ने बहनों के लिए सोचा यह बहुत खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के तीज-त्योहार और संस्कृति को हम भूलते जा रहे हैं। जैसे हमारे पूर्वजों ने हमें अपनी संस्कृति के बारे में बताया, वैसे ही हमें भी अपने बच्चों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति, वेशभूषा और तीज-त्योहारों के बारे में बताना होगा, तभी हमारी संस्कृति जीवित रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखा कहते थे बेटियां ब्राह्मण के समान होती हैं, जैसे हम ब्राह्मण का सम्मान करते हैं वैसे ही बेटियों का भी सम्मान करना चाहिए।

**बेटों को भी पढ़ाइए, मोबाइल से दूर रखिए** - तोरण साहूनगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज परिस्थितियां विपरीत हैं। बेटियां पढ़ाई में आगे बढ़ रही हैं और बेटे पिछड़ रहे हैं। समाज को आगे बढ़ाने के लिए बेटों को भी पढ़ाना जरूरी है, खासकर बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। उन्होंने कहा कि अपने-अपने समाज की कुलदेवी-देवताओं, मां कर्मा, मां दंतेश्वरी, भक्त गुहा निषाद राज, संत कबीर दास, मां परमेश्वरी, गुरु घासीदास, बूढ़ा देव की जानकारी और उनका इतिहास की जानकारी बच्चों को अवश्य दें।

# कोसमनारा में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने प्रशासन ने की कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 13 सितम्बर। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में विकास कार्यों को गति देने तथा निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी क्रम में आज रायगढ़ तहसील के ग्राम कोसमनारा में बाबाधाम के पास स्वीकृत विकास कार्यों में बाधा बन रहे शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा हटाया गया।

पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के बाद स्वीकृत विकास कार्यों के लिए आवश्यक संपूर्ण भूमि को अतिक्रमणमुक्त कर दिया गया है। कोसमनारा में की गई कार्रवाई के दौरान एसडीएम श्री महेश शर्मा, तहसीलदार श्री शिवकुमार डडसेना सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दुर्घटनाओं में कमी लाने कलेक्टर-एसएसपी ने की यादायात व्यवस्था की समीक्षा की

रायगढ़, 12 सितम्बर। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पिछले दो वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों, दुर्घटना संभावित स्थलों, ब्लैक स्पॉट, घायलों को उपचार उपलब्ध कराने, यातायात व्यवस्था तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किए जा रहे ।

# दुग्ध उत्पादन को लाभकारी व्यवसाय में बदलें:निरंजन सिन्हा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरूद 12 सितंबर। छत्तीसगढ़ में पशुपालन की परंपरा व्यावसायिक नहीं रही है। उपयोग के बाद पशुओं को खुले में छोड़ देते हैं। सहकारी बैंक पशुपालकों के सहायता हेतु हमेशा तत्पर है। हमें दुग्ध उत्पादन को लाभकारी व्यवसाय बनाना होगा। स्वयं दूध निकालना सीखना होगा गांव को आर्थिक समृद्धि के रास्ते पर लाना है। गुजरात मॉडल को अपनाकर हमें दुग्ध सहकारिता को मजबूत करना होगा। यह सब जनता की जागरूकता एवं सक्रियता से ही शासन की कल्याणकारी योजनाएं सफल हो सकती है। उक्त विचार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने जिला स्तरीय प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला में व्यक्त किया। यह कार्यशाला जिला सहकारी संघ धमतरी के द्वारा ग्राम पचपेड़ी के समरसता भवन में 9 सितंबर को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य व केंद्र शासन की योजनाओं, दुग्ध उत्पादन हेतु उन्नत नस्ल के पशुओं का चुनाव, दुग्ध उत्पादन एवं पोषक आहार, शेड व दुधारू पशु



हेतु सब्सिडी की जानकारी देकर पशुपालकों में जागरूकता लाना है। प्रशिक्षण कार्यशाला के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निरंजन सिन्हा अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर, कार्यक्रम के अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद के उपाध्यक्ष सतीश जैन तथा विशिष्ट अतिथि रामगोपाल देवांगन पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद, डॉ टी आर वर्मा अतिरिक्त उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं धमतरी, पशुधन विभाग के डॉक्टर भूपेंद्र सिन्हा, डॉक्टर राकेश सिन्हा, डॉक्टर पीयूष दुबे, जिला संघ के प्रवक्ता डॉक्टर ए एन दीक्षित, प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू की गरिमामयी उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।इस अवसर पर डॉक्टर टी आर वर्मा ने कहा कि पशुपालन को व्यवसाय के स्तर पर अपनाए, उसे अपनी व्यावसायिक पूंजी मानकर उसके उन्नयन हेतु सदा प्रयत्नशील रहे। गांव में चारागाह की जमीन का संरक्षण करें श्रेष्ठ नस्ल के पशु ही रखे हैं। प्रत्येक पशुपालक को हरे चारे की खेती करनी होगी। बाजार से पशु आहार खरीद कर व्यवसाय को कभी लाभदायक नहीं बनाया जा सकेगा। हरा चारा दूध उत्पादन लागत घटाने हेतु आवश्यक है। पशुओं में विभिन्न पोषक तत्व कम होने से दूध उत्पादन में कमी होती है। उन्होंने कहा कि समिति हर 11वें दिन किसानों को भुगतान करें। सर्वाधिक दूध देने वाला किसान ही समिति का सचिव होना चाहिए। डॉक्टर भूपेंद्र सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पशुपालन विभाग किसानों के हित में अनेक योजनाएं चला रहा है। इनका लाभ लेने के लिए उन्हें किसानों को सामने आना चाहिए। हमें श्रेष्ठ नस्ल के पशुपालन को बढ़ावा देना चाहिए। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु पशुओं का आहार बहुत महत्वपूर्ण है।

डॉ दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा कि सहकारिता को समाज में कमजोर आर्थिक स्थिति वाले सदस्यों के सशक्तिकरण एवं उत्थान का भरोसेमंद माध्यम माना जाता है। यह वह व्यावसायिक संगठन है जो निर्धन और कमजोर उत्पादकों को संगठित कर उन्हें व्यवसाय का स्वामी बनाता है और उन्हें बाजार की शक्तियों का सामना करने में सक्षम भी बनाता है। यही कारण है कि हमारे देश की सरकार ÷सहकार से समृद्धि÷ अभियान के अंतर्गत देश भर में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत और विकसित बनाने का निरंतर प्रयास कर रही है। परंपरागत रूप से दुग्ध उत्पादन को एक कच्चे व्यवसाय के रूप में पहचाना जाता था। इसका बाजार प्रायः संकीर्ण एवं स्थानीय होता था। शीघ्र नासवान वस्तु होने के कारण दुग्ध उत्पादक किसानों को अपना उत्पाद स्थानीय उपभोक्ताओं को औने पौने दामों पर बेचना पड़ता था, जिससे दुग्ध उत्पादन कोई लाभकारी व्यवसाय नहीं बन पाया था। आजादी के बाद कुछ वर्षों तक हमारे देश में दूध उत्पादन 17 से 20 मीट्रिक टन के बीच था। 1950-51 में प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता 125 ग्राम थी, जो 2020-21 में बढ़कर 427 ग्राम हो गई है। आज हम इस दुग्ध उत्पादन में अग्रणी देश है और प्रतिवर्ष 220 मीट्रिक टन दूध का उत्पादन कर अब हम दूध के निर्यातक बन गए हैं, जबकि 1970 तक हमें दूध आयात करना पड़ता था। इस श्वेत क्रांति में दुग्ध सहकारी समितियों का अमूल्य योगदान है। सन् 1946 में आनंद में स्थापित अमूल ने डेयरी सहकारिता को एक नया आयाम दिया। सन् 1949 में वर्गीज कुरियन ने अमूल को श्वेत क्रांति का अगवा बना दिया, उनके सम्मान में प्रतिवर्ष 26 नवंबर को मिल्क डे मनाया जाता है। आज लगभग प्रत्येक राज्य में अमूल की तर्ज पर दुग्ध समितियां संचालित है। प्रतिदिन 1.6 करोड़ किसानों से 30 मिलियन लीटर दूध संग्रहित किया जाता है। निश्चित कीमत प्राप्त होने के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। धमतरी जिले में कार्यरत 63 दुग्ध समितियों में 30,000 किसान जुड़े हैं, जिनसे प्रतिदिन 10000 लीटर दूध संग्रहित किया जाता है। किसानों को भुगतान में सुविधा हेतु समितियों में माइक्रो एटीएम भी स्थापित किए गए हैं। सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादक कृषिकों को प्रेरित कर आगामी 25 वर्षों में दुग्ध उत्पादन 628 मिलियन मीट्रिक टन विश्व उत्पादन में 45त्न का योगदान करने का लक्ष्य है। उस समय हम 110 मिलियन मीट्रिक टन दूध का निर्यात कर रहे होंगे। कार्यक्रम को मंचस्थ अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिले के पशुपालक व समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला सहकारी संघ के प्रबंधक ए पी गुप्ता ने किया।

## एक नजर

### 15 सितम्बर को जिले में स्थानीय अवकाश घोषित

**बलौदाबाजार, 13 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग 2, अनुक्रमांक 4 के नियम-8 में विहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने वर्ष 2026 हेतु जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के लिए समस्त शासकीय कार्यालयों तथा संस्थाओं के लिए 15 सितम्बर 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। पूर्व में जारी कार्यालयीन आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है।पूर्व आदेश मे अनंत चतुर्दशी के अवसर पर 25 सितम्बर 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था जिसे निरस्त करते हुए 15 सितम्बर 2026 मंगलवार को नवाखाई पर्व पर जिले मे स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह स्थानीय अवकाश बैंक,कोषालय,उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

### शांति समिति की बैठक में गणेश उत्सव के दौरान गाइड लाइन पालन करने के दिए निर्देश



**सिमगा 13 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गणेश उत्सव को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी, तहसीलदार, नगर पालिका अध्यक्ष, सीएमएचओ समेत गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में गणेश चतुर्थी को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। पुलिस ने समितियों को शासन-प्रशासन की गाइडलाइन और सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। वहीं लाउडस्पीकर को कम आवाज में बजाने की अपील की गई । हुड़दंग और असामाजिक गतिविधियां करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। वहीं सभी समितियों से आपसी भाईचारे और शांति के साथ गणेश उत्सव मनाने की अपील की गई है।

### हिंदी में चिकित्सा शिक्षा की अलख जगा रहे डॉ. अमरोहित



**रायपुर 13 सितंबर।** हिंदी दिवस के अवसर पर जब देशभर में हिंदी के प्रचार-प्रसार और व्यवहारिक उपयोग पर चर्चा हो रही है, ऐसे समय में राजधानी रायपुर स्थित मेकाहारा के भूतपूर्व चिकित्सक डॉ. गीतेश अमरोहित का प्रयास चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में हिंदी की उपयोगिता को नई दिशा दे रहा है। डॉ. अमरोहित ने लगभग तीन वर्षों में चिकित्सा विषयों पर हिंदी भाषा में 12 पुस्तकें लिखी हैं। उनकी इन पुस्तकों का उद्देश्य विद्यार्थियों को जटिल चिकित्सा विषयों को सरल हिंदी में समझाने में सहायता प्रदान करना है। डॉ. अमरोहित का कहना है कि चिकित्सा शिक्षा के मेरी इन पुस्तकों में तकनीकी शब्दों को अंग्रेजी में ही रखा गया है, जबकि विषय की व्याख्या हिंदी में की गई है। इससे विद्यार्थियों को कठिन अवधारणाओं को अपनी भाषा में समझने में सुविधा होती है। उनका मानना है कि मातृभाषा में पढ़ा गया विषय अधिक समय तक याद रहता है और उसे समझना भी आसान होता है। उन्होंने बताया कि रूस, चीन और जापान जैसे कई देशों में उच्च शिक्षा उनकी अपनी मातृभाषा में प्रदान की जाती है। भारत में भी हिंदी सहित भारतीय भाषाओं में चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उनका कहना है कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान को आत्मसात करने का प्रभावी साधन भी है। डॉ. गीतेश अमरोहित के अनुसार छत्तीसगढ़ हिंदी भाषी प्रदेश है। यहां ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अनेक विद्यार्थी उच्च शिक्षा के दौरान अंग्रेजी माध्यम के कारण कठिनाइयों का सामना करते हैं। विशेष रूप से चिकित्सा जैसे विषयों में अंग्रेजी की तकनीकी शब्दावली विद्यार्थियों के लिए चुनौती बन जाती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जब उच्च शिक्षा में प्रवेश लेते हैं, तो प्रारंभिक वर्षों में अंग्रेजी माध्यम के कारण उन्हें विषय समझने में काफी समय लगता है। परिणामस्वरूप कई हिंदी भाषी विद्यार्थी असफलता का सामना करते हैं और कुछ विद्यार्थी अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते हैं। भाषा की इस समस्या के कारण अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी चिकित्सा क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पाते। डॉ. अमरोहित द्वारा लिखी गई हिंदी पुस्तकें ऐसे विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित हो रही हैं।

# सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने तीजा एवं गणेश उत्सव पर्व पर क्षेत्रवासियों को दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 13 सितंबर।** तीजा एवं गणेश उत्सव के पावन पर्व के अवसर पर सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम ने समस्त क्षेत्रवासियों, विशेषकर क्षेत्र की माताओं एवं बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपरा और पारिवारिक भावनाओं से जुड़ा तीजा पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है, वहीं विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का उत्सव श्रद्धा, भक्ति, उत्साह और सामाजिक एकता का संदेश देता है।

विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि तीजा पर्व मातृशक्ति के त्याग, समर्पण, प्रेम और पारिवारिक मंगलकामना का पर्व है। इस अवसर पर महिलाएं अपने पति एवं परिवार की सुख-समृद्धि, दीर्घायु और खुशहाली की कामना करते हुए श्रद्धा और आस्था के साथ तीजा व्रत का पालन करती हैं। छत्तीसगढ़ में तीजा केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मायके और ससुराल के रिश्तों में प्रेम और आत्मीयता को मजबूत करने वाली लोकपरंपरा भी है। इस पर्व के माध्यम से हमारी बेटियां और बहनें अपने मायके से जुड़ती हैं तथा परिवारों में प्रेम, अपनत्व और खुशियों का वातावरण निर्मित होता है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्री गणेश का आगमन क्षेत्र में नई ऊर्जा, उमंग और सकारात्मकता का प्रतीक है। गणपति को विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता माना जाता है। गणेश उत्सव के दौरान गांव-गांव और नगर-नगर में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा



एवं भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। आरती, भजन, धार्मिक कार्यक्रम और सामूहिक आयोजन लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का कार्य करते हैं। यह पर्व सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और आपसी सहयोग की भावना को और मजबूत करता है।

विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि सिहावा विधानसभा क्षेत्र की अपनी समृद्ध लोक संस्कृति, धार्मिक आस्था और परंपराओं की विशिष्ट पहचान है। तीजा एवं गणेश उत्सव के अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिलता है। माताएं-बहनें तीजा पर्व को श्रद्धा के साथ मनाती हैं और वहीं युवा, बच्चे तथा सभी वर्ग के लोग गणेश उत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागी बनते हैं। ऐसे पर्व हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करने के साथ समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं।

विधायक ने भगवान श्री गणेश से प्रार्थना करते हुए कहा कि विघ्नहर्ता भगवान गणेश सिहावा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार से सभी प्रकार के विघ्न-बाधाओं को दूर करें तथा क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली और वैभव प्रदान करें। क्षेत्र के किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित प्रत्येक नागरिक के जीवन में मंगल एवं उन्नति आए तथा हमारा क्षेत्र निरंतर विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर हो।

उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से पर्वों को श्रद्धा, प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति की सुंदरता हमारी सामूहिक सहभागिता और आपसी प्रेम में निहित है।

अंत में विधायक अंबिका मरकाम ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र के समस्त नागरिकों, माताओं, बहनों, युवाओं एवं बच्चों को तीजा पर्व एवं गणेश उत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुखी, स्वस्थ, समृद्ध एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

# खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए संसाधनों और अवसरों की नहीं होगी कमी: मुख्यमंत्री साय

**रायपुर 13 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। प्रदेश के गांवों, वनांचलों और दूरस्थ क्षेत्रों में अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी मौजूद हैं। आवश्यकता है कि उनकी समय पर पहचान कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक संसाधन और आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए जाएं। राज्य सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है। प्रदेश में खेल अधोसंरचना का विस्तार करने के साथ खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए संसाधनों और अवसरों की कमी नहीं होने दी जाएगी।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के सिविल लाइन स्थित न्यू सर्किट हाउस में आयोजित छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की एग्जीक्यूटिव बॉडी मीटिंग एवं जनरल काउंसिल मीटिंग को संबोधित करते हुए यह बात कही।




मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता और पदक तक सीमित नहीं हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराना और उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के अनुरूप तैयार करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए खेल अधोसंरचना के विकास के साथ प्रशिक्षण और प्रतिभा चयन की व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश के विभिन्न खेल संघों को उद्योग समूहों से जोड़ने की पहल में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में अनेक बड़े उद्योग समूह कार्यरत हैं। इन समूहों के सहयोग को खेलों के विकास से जोड़ा जाए तो खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, प्रतियोगिताओं के आयोजन और खेल अधोसंरचना के विस्तार में महत्वपूर्ण सहायता मिल सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने उद्योग जगत और खेल गतिविधियों के बीच बेहतर समन्वय के सकारात्मक परिणामों को करीब से देखा है। यदि अलग-अलग उद्योग समूह विभिन्न खेलों और खेल संघों के साथ जुड़कर सहयोग करें, तो प्रदेश में खेलों के विकास के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध होंगे और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने इस दिशा में सुनियोजित ढंग से पहल करने को कहा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ और राज्य शासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। खेल संघों से जुड़े विषयों, उनकी आवश्यकताओं और शासन स्तर पर जरूरी प्रक्रियाओं को अधिक सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी को विशेष रूप से छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के साथ समन्वय की जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे खेल संघों की आवश्यकताओं और विभिन्न प्रस्तावों पर शासन स्तर पर प्रभावी समन्वय सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि खेलों के विकास से जुड़े विषयों का समयबद्ध समाधान हो और खिलाड़ियों को योजनाओं तथा सुविधाओं का पूरा लाभ मिले, इसके लिए शासन और खेल संगठनों के बीच निरंतर संवाद आवश्यक है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित करने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। रायपुर, रायगढ़ और कुनकुरी में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। रायपुर में लगभग 60 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक आर्चरी अकादमी का निर्माण भी किया जा रहा है। इन सुविधाओं के विकसित होने से प्रदेश के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और अभ्यास की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## मालूराम शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर सेवा कार्य
### कचरा सेंटर की दीदियों को वितरित किए रेनकोट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 13 सितंबर।** लोकतंत्र सेनानी एवं वरिष्ठ जनसंघ नेता स्व. पंडित मालूराम शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को तिल्दा नेवरा नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14, 03 एवं 22 में स्थित स्क्रूसेंटर में सेवा कार्य का आयोजन किया गया।

इस दौरान कचरा सेंटर में कार्यरत महिलाओं को बारिश के मौसम में कार्य करने में सुविधा हो, इस उद्देश्य से रैनकोट वितरित किए गए। कार्यक्रम लोकतंत्र प्रहरी छत्तीसगढ़ के रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष सौरभ जैन एवं प्रदेश महामंत्री पंडित नरेंद्र मालूराम शर्मा वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद संतोष यदु,अमरजीत पासवान एवं नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा के मुख्य नगर पालिका अधिकार अमिताभ शर्मा के आतिथ्य में आयोजित हुआ। वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद रानी सौरभ जैन द्वारा कचरा सेंटर में कार्यरत दीदियों को रैनकोट प्रदान किए गए। इस अवसर पर स्व. पंडित मालूराम शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके सामाजिक, राष्ट्रवादी एवं लोकतांत्रिक योगदान को यादन किया गया। स्व. शर्मा नेवरा के वरिष्ठ जनसंघ नेता, समाजसेवी एवं लोकतंत्र सेनानी रहे। आपातकाल के दौरान उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया और मीसा के तहत रायपुर जेल में 21 माह तक बंदी रहे।

स्व. मालूराम शर्मा का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, सरस्वती शिशु मंदिर सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों से भी गहरा जुड़ाव रहा। उन्होंने जीवनभर सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए समाजहित और राष्ट्रसेवा के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि स्व. मालूराम शर्मा का जीवन राष्ट्रसेवा, सामाजिक सरोकार और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उनकी पुण्यतिथि पर जरूरतमंद एवं मेहनतकश महिलाओं के लिए सेवा कार्य करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्व. पंडित मालूराम शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों एवं सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## लोक अदालत मे 43961 प्रकरण निराकृत,4 वर्षो से लंबित बंटवारा आपसी समझौते से संभव हुआ

**बलौदबाजार ,13 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले मे शनिवार को वर्ष 2026 की तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं तहसील न्यायालयों में किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनीता वार्नर ने दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का उद्घाटन किया। जिला एवं सत्र न्यायालय एवं व्यवहार न्यायालय भाटापारा, सिमगा, कसडोल में खण्डपीठ का गठन किया गया, साथ ही राजस्व न्यायालयों में भी खण्डपीठ का गठन किया गया था।लोक अदालत मे न्यायालय में लंबित प्रकरण, ट्रैफिक चालान, अन्य लघु अपराध एवं राजस्व न्यायालयों सहित कुल 48344 प्रकरण रखे गये थे जिसमें से 43961 प्रकरण का निराकरण किया गया है। प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार में गठित खण्डपीठ, पीठासीन अधिकारी संगीता नवीन तिवारी के द्वारा एक सफल प्रकरण का निराकरण किया गया, जिसमें मृतक की दो पत्नियां एवं उनसे उत्पन्न संतानों के मध्य 4 वर्षों से बंटवारा विवाद लंबित था। अपीलय न्यायालय द्वारा उभयपक्ष को दिये गये सुलह–समझाईस के आधार पर प्रकरण का अंतिम निराकरण किया गया और इस तरह 4 वर्ष से लंबित बंटवारा विवाद का सुखद समाधान हुआ तथा पक्षकारों के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित हुआ। कुटुम्ब न्यायालय बलौदाबाजार में गठित खण्डपीठ, पीठासीन अधिकारी राजभान सिंह के द्वारा 23 प्रकरणों का निराकरण किया गया। उक्त न्यायालय में लंबित विधिक दाण्डिक प्रकरण क्रमांक 131/2026 जिसमें आवेदिका मंजू सोनी ने अनावेदक सूरज सोनी के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 144 के तहत् अपने तथा अपनी पुत्री नाबालिक रूही सोनी के भरण पोषण हेतु राशि प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। न्यायालय के द्वारा समझाईश दिये जाने पर उभयपक्ष अपनी नाबालिग पुत्री रूही के बेहतर भविष्य को देखते हुये एक साथ रहकर दांपत्य जीवन का निर्वहन करने हेतु तैयार हुये है। इसी प्रकार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, बलौदाबाजार में गठित खण्डपीठ, पीठासीन अधिकारी शप्रशांत कुमार भास्कर के द्वारा बजरंग ट्रेडर्स वि. सिद्धि कंस्ट्रक्शन अंतर्गत धारा 138 एन.आई.ए. का प्रकरण वर्ष 2021 से लंबित 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के द्वारा आपसी सहमति से निराकृत कराया गया।

# स्व सहायता समूह की महिलाएं सोलर दीदी के रूप में अपनी पहचान बना रहीं

■ सोलर वेंडर के रूप मे कराया पंजीयन,छतो पर लगा रही सोलर पैनल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 13 सितंबर।** पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले में ग्रामीण महिलाओं को सौर ऊर्जा के क्षेत्र से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की एक अनुकरणीय पहल शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अब 'सोलर दीदी' के रूप में पहचान बना रही हैं।

इसी क्रम में विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम दसरमा में हितग्राही तारनी घृतलहरे के घर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल सिस्टम सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है।?यह पूरी कार्ययोजना कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जिला पंचायत बलौदाबाजार की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को केवल योजनाओं के लाभ तक सीमित न रखकर, उन्हें सौर ऊर्जा आधारित तकनीकी कार्यों में रोजगार व उद्यमिता से जोड़ना है।

इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि बिहान के तहत गठित संकुल स्तरीय संगठन ने



स्वयं को आधिकारिक सोलर वेंडर के रूप में पंजीकृत कराया है। वेंडर पंजीयन के बाद अब बिहान की प्रशिक्षित 'सोलर दीदियां' सीधे ग्राउंड लेवल पर जाकर हितग्राहियों के घरों में सोलर पैनल लगाने का कार्य संभाल रही हैं।

सोलर दीदियों द्वारा किए जा रहे इस कार्य से ग्रामीण महिलाओं में तकनीकी दक्षता और व्यावसायिक कौशल का विकास हो रहा है। इससे एक ओर जहां स्वच्छ ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण परिवारों को बिजली बिल में राहत मिल रही है। सोलर दीदी–हर घर रोशनी, हर हाथ रोजगार÷ के संकल्प के साथ यह पहल ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करेगा।

## कलेक्टर ने पलारी ब्लाक के आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**बलौदाबाजार, 13 सितंबर।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को पलारी विकासखंड के आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र अमेरा के निरीक्षण के दौरान परिसर मे रखे कचरे के ढेर एवं भवन की स्थिति को देख कर नाराजगी व्यक्त की।केन्द्र मे उपस्थित बच्चों की संख्या और ऑनलाइन दर्ज उपस्थिति मे काफी अंतर होने पर सेक्टर सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कार्यकर्त्ता से केन्द्र मे दर्ज बच्चों की संख्या, कुपोषित बच्चों की संख्या एवं पौष्टिक लड्डू वितरण,एनआरसी मे भर्ती के सम्बन्ध मे जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया की सभी कुपोषित बच्चों को लड्डू अवश्य खिलाएं, गृह भेंट कर अभिभावको को बच्चों की सेहत,पोषण की जानकारी दें। उन्होंने केन्द्र मे रखे पौष्टिक लड्डू का स्वयं टेस्ट किया और उपस्थित बच्चों को वितरित किया। उन्होंने बाउंड्रीवाल को ठीक कराने और साफ़ -सफाई दुरुस्त करने के निर्देश दिये।


**नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण**
पर्यावास भवन, नार्थ ब्लाक, सेक्टर-19
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) 492002
कार्यालय फोन 0771-2512500
फैक्स 0771-2512400
ई मेल- ceo.nranvp@cg.gov.in

**ईश्तहार**

क्र. 6624/6(2)/737/57/संपदा/नराअनविप्रा/2014
नवा रायपुर अटल नगर, दिनाक 08/09/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कुसुम पाण्डे, PHONE 7024263355 डा. जी.एल. साहू के सामने गणपति नगर, चंगोराभाठा, रायपुर (छ.ग.) 492013 द्वारा नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को आवेदन प्रस्तुत किया है कि उनके पुत्र स्व. श्री विकास चंद्र पाण्डेय पिता सनत कुमार पाण्डेय द्वारा नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 30 में आवासीय भू-खण्ड क्र. B5/A7, रकबा 130.05 वर्गमीटर को दि. 10/11/2014 को सैंधातिक सहमति शर्तों के तहत देकर लाईसेंस अनुबंध दिनांक 23/03/2015 को निष्पादित किया गया है। आबंटन पत्र दिनांकः 23/05/2020 को जारी कर लीज अनुबंध का निष्पादन दिनांक 11/06/2020 को कराया गया है। स्व. श्री विकास चंद्र पाण्डेय, का दि. 26/06/2026 को स्वर्गवास हो चुका है। मृतक श्री विकास चंद्र पाण्डेय, के विधिक वारिसान आवेदिका द्वारा उत्तराधिकार में तथा सक्षम प्राधिकारी से संबंध/आश्रित प्रमाण पत्र एव वंशावली का शपथ पत्र के आधार पर नाम दर्ज करने का आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त के संबध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दि. 24.09.2026 तक प्रबंधक (संपदा) नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण पर्यावास भवन तृतीय तल में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

प्रबंधक (संपदा),
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण,
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)


# क्रिएटर एवं इन्फ्लुएंसर की शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका

■ योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में सोशल मीडिया क्रिएटर्स की भूमिका अहम- कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 सितंबर।** केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार और जन-जन तक सटीक जानकारी पहुँचाने के उद्देश्य से 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत शुक्रवार को जिला स्तरीय क्रिएटर एवं इन्फ्लुएंसर मीटअप का आयोजन किया गया। इस मीटअप में जिले के लगभग 50 प्रमुख सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सोशल मीडिया क्रिएटर्स के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्रिएटर्स अपनी रील्स, व्लॉग्स और डिजिटल कंटेंट



के माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और परंपराओं को वैश्विक पहचान दिला रहे हैं। शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार में भी उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने कहा कि शासन-प्रशासन जनता के लिए ही कार्य करता है और हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। कोई भी पात्र नागरिक जानकारी के अभाव में वंचित न रहे, इसमें स्थानीय क्रिएटर्स एक मजबूत सेतु का कार्य कर सकते हैं। तकनीकी सत्र एवं साइबर सुरक्षा वर्कशॉप-?कार्यक्रम के दौरान क्रिएटर्स के कौशल विकास के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित की गई।सुमित साहू ने बेहतर बी-रोल फुटेज लेने, लोगों से सहज संवाद करने और उनकी वास्तविक व भावनात्मक कहानियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के गुर सिखाए।मनीष राठौर ने कैमरा, वीडियोग्राफी की बारीकियों और आधुनिक कंटेंट क्रिएशन गैजेट्स के सही उपयोग की जानकारी दी।साइबर विशेषज्ञ विकास शर्मा ने फिशिंग, हैकिंग और डिजिटल फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए तथा सोशल मीडिया अकाउंट्स को सुरक्षित रखने के जरूरी टिप्स साझा किए।

उपस्थित सभी क्रिएटर्स ने जिला एवं पुलिस प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए जनहित में शासकीय योजनाओं और साइबर सुरक्षा से जुड़ी रील्स व संदेशों के माध्यम से जागरूकता फैलाने की प्रतिबद्धता जताई। इस मीटअप में जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित पुलिस, स्वास्थ्य, श्रम, कौशल विकास, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, खाद्य और कृषि विभाग के जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद कांकेर,**
**जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

क्रमांक/1163/सा.प्र./न.पा.प./2026 | कांकेर, दिनांक 11.09.2026

**-::प्रथम मेनुअल निविदा आमंत्रण सूचना::-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत आउट सोर्सिंग एजेंसी से सफाई कामगार उपलब्ध कराये जाने हेतु मेनुअल निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

01- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28.09.2026 समय संध्या 5.00 बजे।
02- निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 30.09.2026 को समय संध्या 5.00 बजे तक।
03- निविदा प्रपत्र पंजीकृत डाक से पहुंचने की तिथी 06.10..2026 समय संध्या 5.30 बजे तक।
04- निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि 11.10.2026 को समय संध्या 04.00 बजे तक।
05- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जिला न्यायालय परिसर कांकेर एवं जिला जिला अस्पताल के आस-पास सफाई कार्य के लिए प्लेसमेंट पर सफाई कार्य हेतु सफाई कामगार उपलब्ध कराये जाने बाबत्। | 9.50 | 9500/- | 750/- | 5 माह |

टीप- वार्षिक निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोकस्वास्थ्य शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् कांकेर

# वे चौंकने लगे बे-वक्त की हवाओं से... जो कह रहे थे डरते नहीं खुदा से हम...



छत्तीसगढ़ में जगदलपुर की विशेष एनआईए अदालत ने 25 मई 13 के चर्चित झीरम घाटी हमले में 10 अभियुक्तों को दोषी माना है, अभियुक्तों को 16 सितंबर को सज़ा सुनाई जाएगी। वैसे फैसला तो हो गया पर अभी भी कई सवाल अनसुलझे हैं..! पहला सवाल सुरक्षा व्यवस्था को लेकर है, हमले के बाद बड़ा सवाल उठा कि क्या सुरक्षा व्यवस्था में चूक थी? झीरम कांड की जांच कर रहे आयोग की सुनवाई में जो तथ्य सामने आए थे वे इसकी चुग़ली करते थे। बस्तर उस समय देश के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र था। तथ्य बताते हैं कि हमले के कुछ दिन पहले झीरम इलाक़े में तब के सीएम रमन सिंह की विकास यात्रा हुई थी, तब वहां उनकी सुरक्षा के लिए 1786 सुरक्षा कर्मी तैनात थे लेकिन कुछ ही दिन बाद कांग्रेस की विकास यात्रा के लिये झीरम घाटी में सुरक्षा के लिए 218 कर्मियों की तैनाती थी।सुरक्षाकर्मियों की संख्या शामिल नहीं है, जो नेताओं की व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए तैनात होते हैं। दूसरा सवाल राजनीति को लेकर है। ज़ब हमला हुआ छ्ग में भाजपा की सरकार थी और छह महीने बाद नई सरकार के लिये चुनाव होने वाले थे। दोनों दलों के बीच पिछले चुनावों में वोटों का अंतर सिर्फ़एक फ़ीसदी था। इस अंतर को पाटने के लिए कांग्रेस के तब के अध्यक्ष नंदकुमार पटेल अच्छी रणनीति के साथ पार्टी को खड़ा कर रहे थे, भाजपा ज़ाहिर तौर पर डरी हुई थी। तब पीएम मनमोहन सिंह, कांग्रेस के बड़े नेता सोनिया, राहुल गांधी ने राज्य का दौरा किया लेकिन राष्ट्रपति शासन लगाने का फ़ैसला लेने से चूक गए, 356 के दुरुपयोग के पूर्व में लगे आरोपों की आंच वे तब तक महसूस कर रहे थे। इसके बाद भाजपा झूठा प्रचार करने में भी सफ्ल रही हमला कांग्रेस की अंदरूनी कलह का नतीजा था। दूसरा यह कि ऐन वक़्त पर परिवर्तन यात्रा का मार्ग बदलने की ही वजह से सुरक्षा पर्याप्त नहीं थी।अगर कांग्रेस का अंदरूनी मामला था, जिसे कांग्रेस के कई नेता सही मानते थे और अपनी ही पार्टी के एक बड़े नेता का नाम लेते थे तो क्या यह सरकार के सहयोग के बिना संभव था?दूसरा इस हमले के बाद स्तब्ध कांग्रेस संगठन अपने ही नेताओं की मौत से उपजी सहानुभूति को चुनाव तक क़ायम न रख सकी, कांग्रेस कार्यकर्ता भी इसके लिए एक जुट नहीं हो सके... !नंद कुमार पटैल और उनके बेटे को घटना स्थल से दूर ले जाकर हत्या करने का कारण भी अभी तक स्पष्ट नहीं है, कॉग्रेस अब आरोप लगा रही हैऔर मामला हाईकोर्ट भी जा सकता है, पर अभी तक तो यह अनसुलझा ही है!

### बस्तर में मिली 3.65 अरब साल पुरानी चट्टान...

भारत के भू- वैज्ञानिक इतिहास में छत्तीसगढ़ के बस्तर में हुई एक खोज ने वैज्ञानिकों को चौंका दिया है।छत्तीसगढ़ के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में वैज्ञानिकों को ऐसी चट्टानों के प्रमाण मिले हैं, जिनकी उम्र करीब 3.65 अरब साल आंकी गई है! इसका मतलब है पृथ्वी ज़ब शुरु आती ठोस परत आकार ले रही थी, तब आज का बस्तर क्षेत्र उसके प्राचीन भू-भाग का हिस्सा बन चुका था, आईआईएस ईआर भोपाल, अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के अध्ययन ने भारत के सबसे पुराने ज्ञात भू- भाग को लेकर चली आ रही धारणा को नया मोड़ दिया है। आखिर चट्टानों में ऐसा क्या मिला और इससे पृथ्वी के इतिहास की कौन-सी गुत्थी भी सुलझ सकती है?

अब तक भारत के सबसे पुराने भू-भाग की बात होती थी तो झारखंड का सिंहभूम क्षेत्र सबसे पहले सामने आता था। सिंह भूम क्रेटान को देश के प्राचीनतम स्थिर भू- भागों में गिना जाता रहा है, जिनकी उम्र करीब 3.5 अरब साल आंकी गई है, बस्तर क्रेटान से मिले प्रमाण इस तस्वीर को और पुराना कर रहे हैं, आईआईएसईआर भोपाल के अर्थ एंड एन वायरन मेंटल साइंसेज के वैज्ञानिकों कौशिक






सत्पथी, प्रीतम नासिपुरी और अभिजीत भट्टाचार्य तथा दक्षिण कोरिया के बेसिक साइंस इंस्टीट्यूट कीवूकयी ने अध्ययन किया है, शोध में बस्तर क्षेत्र की कुछ चट्टानों में ऐसे भी खनिज मिले, जिनकी उम्र करीब3.65 अरब साल निर्धारित की गई है यानी भारत की धरती के प्राचीन इतिहास की समय रेखा करीब 15 करोड़ साल और भी पीछे जा सकती है।वैज्ञानिकों ने दक्षिण-पश्चिम बस्तर भोपालपटनम, बीजापुर के आसपास से चट्टानों के नमूने इनमें मौजूद जिरकॉन नाम के बेहद महत्वपूर्ण खनिज कणों को अलग किया गया, जिरकॉन की खासियत यह है, निर्माण के समय इसमें मौजूद कुछ रेडियोधर्मी तत्व समय के साथ एक निश्चित दर से बदलते रहते हैं।

### भगत छत्तीसगढ़ तो भूपेश असम के प्रभारी...



पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने पार्टी संगठन में बड़ा बदलाव किया है।कांग्रेस ने पंजाब में महासचिव प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी अब सचिन पायलट को दे दी है। इसके साथ ही, भूपेश बघेल अब तक पंजाब के प्रभारी थे, को अब असम में नई जिम्मेदारी महासचिव प्रभारी के तौर पर दे दी गई है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश और गुजरात के प्रभारी को बदला गया है।भूपेश बघेल असम, रणदीप सुरजेवाला गुजरात, सचिन पायलट पंजाब, का महासचिव प्रभारी बनाया है।इसके अलावा, सुखदेव भगत को छत्तीसगढ़, श्रीवेला प्रसाद को महाराष्ट्र, पीवी मोहन को आंध्रप्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया है। साथ ही रणदीप सुरजेवाला कर्नाटक में प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी निभाते रहेंगे।



### बकरा-सूअर पर 15.40 लाख खर्च होगा, बस्तर दशहरा में...

बस्तर के ऐतिहासिक दशहरा के आयोजन का बजट पिछले साल की तुलना में बढ़ गया है। 2026 में 1 करोड़ 22 लाख 53 हजार ? खर्च प्रस्ताव के विरुद्ध खर्च 1 करोड़ 11 लाख 39 हजार ? रहा था। इस बार करीब 11.14 लाख ? ज्यादा खर्च प्रस्तावित है। पारंपरिक रस्मों में उपयोग होने वाले बकरा -सूअर और शराब पर होने वाले खर्च को लेकर चर्चा हो रही है। उत्सव समिति के सचिव, तहसीलदार के अनुसार बकरा-सूअर पर15.40 लाख ?, दशमी सामग्री व शराब पर 4.13 लाख यानि कुल 19.52 लाख ? प्रावधान किया है। पिछले साल इन मदों पर करीब 17. 75 लाख ? खर्च हुए थे।इस लिहाज से इन मदों का खर्च भी बढ़ा है।बस्तर दशहरा की अलग अलग रस्मों को पूरा करने के लिए बजट में चावल से लेकर किराना, फ्ल-फूल, भोग कपड़ा, रथ की लकड़ी तक का इंतजाम किया गया है।चावल पर 2.31 लाख, किराना 10.98 लाख, विदाई रस्म पर 5.40 लाखऔर विद्युत सजावट पर 10.61 लाख प्रस्तावित हैं। कुश्ती प्रतियोगिता के लिए 9.26 लाख और डीजल के लिये 10.71 लाख रखे गए हैं।रथ-कपड़ा, रंगाई - पुताई, पटाखे प्रचार- प्रसार पर अलग- अलग राशि प्रस्तावित है।बकरा -सूअर15.40 लाख, कपड़ा 15.40 लाख, रंगाई-पुताई 11. 72 लाख, डीजल 10. 71 लाख, विद्युत सजावट 10.61 लाख, किराना 10.98 लाख, कुश्ती 9. 26 लाख ? प्रस्तावित हैं।दशहरा रस्मों के साथ व्यवस्थाओं पर भी बड़ा खर्च होगा।

### और अब बस....

» छत्तीसगढ़ में 202 आईएएस अफ्सरों का कोटा है और अभी 175 पोस्टेड हैं, इनमें भी 23 अफ्सर प्रतिनियुक्ति पर हैं।
» छत्तीसगढ़ सरकार ने रिटायर दूर संचार अफ्सर बी के छबलानी को 1 साल के लिये ओएसडी नियुक्त किया है।
» छत्तीसगढ़ भाजपा अब महिलाओं के बाद युवाओं को भी रिझाने में लग गई है।
» सरगुजा जिले के दरिमा तहसील कार्यालय में घुस पटवारी से मारपीट करने वाले भाजपा नेता जितेन्द्र कुजूर उर्फमोनू कुजूर के खिलाफजिलाबदर की कार्रवाई की गई है।

**एक नजर**

## नई पीढ़ी के मार्गदर्शन के लिए राडा एग्जीक्यूटिव काउंसिल का गठन



**रायपुर, 13 सितम्बर।** ऑटोमोबाइल व्यापार को एक नई दिशा और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के दृढ़ संकल्प के साथ, रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सफ्लतापूर्वक संपन्न हुई। इस ऐतिहासिक बैठक में सर्वसम्मति से कैलाश खेमानी को राडा का नया अध्यक्ष चुना गया। व्यापार में अनुभव के हस्तांतरण और कलेक्टिव ग्रोथ के लिए गठित इस विशेष 'एग्जीक्यूटिव काउंसिल' में राडा के अनुभवी पूर्व अध्यक्षों को शामिल किया गया है, जिनमें शशांक शाह, अनिल अग्रवाल, अमर परवानी, मनीष राज सिंघानिया, जयेश पिथालिया, विवेक गर्ग और रविंदर भसीन शामिल हैं। इस आम बैठक में नई कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की गई। नई टीम का नेतृत्व अध्यक्ष के रूप में कैलाश खेमानी करेंगे, जबकि उपाध्यक्ष का दायित्व विवेक अग्रवाल को सौंपा गया है। मुकेश सिंघानिया सचिव के रूप में और अभिनव ऋषि कोषाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। इनके अलावा राडा बोर्ड के अन्य सम्मानित सदस्यों में रविंदर भसीन, विवेक गर्ग, शरद गोयल, प्रशांत मंधान, सूरज परवानी, ऋषि राज सिंघानिया, सुरेंदर आहूजा, पुनीत परवानी, विकास मथानी, मनीष अग्रवाल, रजत छाबड़ा और यशवंत अग्रवाल शामिल हैं। साथ ही, गेस्ट बोर्ड मेंबर्स के रूप में सुनील मध्यानी, गौरव मध्यानी और सौरभ अग्रवाल को भी इस नई कार्यकारिणी का अहम हिस्सा बनाया गया है।

### तपस्वियों के अनुमोदनार्थ प्रभु भक्ति

**रायपुर, 13 सितम्बर।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में पर्युषण पर्व के जन्मवांचन दिवस पर 144 एवेन्यु में गोलछा परिवार द्वारा पालना झुलाने सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक वांचन पश्चात बाजे कुण्डलपुर में बधाई की वीर जन्में महावीर भजनों से वीर प्रभु को पालने में बधाया गया। कोचर ने आगे बताया कि पर्युषण पर्व के पंचम दिवस प्रात: जिनमंदिर के पट खुलते ही श्रावक श्राविकाओं का आना आरम्भ हो गया सर्वप्रथम स्नात्र पूजन के परमात्मा का जन्मकल्याणक मनाया गया। पर्युषण पर्व के अवसर पर मंत्र नवकार हमें प्राणों से प्यारा मंगलाचरण से मंजू कोठारी ने प्रभु भक्ति आरंभ की, शंखेश्वर का नाथ है हमारा तुम्हारा, इस तीर्थ के दर्शन करलो जीवन हो सुखकारा से शंखेश्वर पार्श्वनाथ भगवान का गुणगान किया।

## बिना अनुमति सड़क खोदने पर बिफरे नेता प्रतिपक्ष

**रायपुर, 13 सितम्बर।** रायपुर नगर निगम क्षेत्र में फ्फडीह मुख्य मार्ग और आसपास के मार्गों पर गैस पाइपलाइन डालने के लिए की जा रही खुदाई पर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने आपत्ति जताई है. उन्होंने सवाल उठाया कि क्या राजधानी रायपुर प्रयोगशाला बन गई है कि कोई भी बाहर से आए और प्रयोग करके चला जाए? उन्होंने निगम अधिकारियों से चर्चा कर कंपनी पर बड़ा जुर्माना लगाने की बात कही है.

दरअसल, फ्फडीह मुख्य मार्ग और आसपास के मार्गों पर HCG प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई की जा रही है. मनमाने तरीके से की जा रही खुदाई की स्थानीय निवासियों की शिकायत मिलने पर नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. मौके पर पाया गया कि कंपनी के पास नगर निगम की कोई वैध अनुमति/आदेश नहीं है। यही नहीं 2 महीने से कार्य चल रहा है, लेकिन जिला प्रशासन और नगर निगम को भनक तक नहीं है. इस पर नेता प्रतिपक्ष ने तत्काल नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा को फोन के माध्यम से वस्तुस्थिति से अवगत कराया और कार्य को तत्काल रुकवाने के साथ सड़क पर



हुए बड़े-बड़े गड्ढों को बंद करवाने का निर्देश दिया. आकाश तिवारी ने कहा कि यह आम जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ है. एक तरफ कहा जाता है विकास कार्यों के लिए पैसा नहीं है, दूसरी तरफबनी-बनाई सड़कों को खोदकर बर्बाद किया जा रहा है, पीने की पाइपलाइन तोड़ी जा रही है.

नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने चेतावनी दी कि जिला प्रशासन और नगर निगम की यह अधूरी और नियम विरुद्ध रणनीति नहीं चलेगी. कंपनी को या तो कार्य बंद करना पड़ेगा या जिल प्रशासन नगर निगम के नियमों का पालन करना होगा. अगर आम जनता को परेशानी और निगम को नुकसान इसी तरह होता रहा तो कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर विरोध करेगी. इस दौरान मौके पर नेता प्रतिपक्ष के साथ पूर्व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व एल्डरमैन सुनील भुवाल, कांग्रेस कमेटी के सुदीप होर सहित स्थानीय व्यापारी साथी उपस्थित थे.

## कोसरंगी में चलाया गया नशामुक्ति अभियान




**रायपुर, 13 सितम्बर।** भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर के जिला अध्यक्ष स्वामी सर जिला मुख्य आयुक्त राजीव चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी एम सतीश कुमार एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के निर्देशन में कुमुद देवांगन गाइड कैप्टन के नेतृत्व में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसरंगी के स्काउट एवं गाइड के बच्चों एवं शाला विकास समिति के सदस्यों के साथ व्यापक स्तर पर नशामुक्ति कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा पर ड्राइंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव एवं होने वाले नुकसान को बताते हुए जन चेतना फैलाने का कार्य किया गया विद्यालय के प्राचार्य अनीता कुंती लकड़ा एवं विकासखंड सचिव स्काउट रोहित कुमार वर्मा ने शानदार कार्य के लिए बधाई संदेश दिए।

## भाजपा का कांग्रेस पर पोस्टर अटैक

**रायपुर, 13 सितम्बर।** पीएम आवास को लेकर छत्तीसगढ़ में सियासत जारी है. मुद्दे पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बीच बहस की तारीख को लेकर एक तरफजहां तारीख का इंतजार किया जा रहा है, इस बीच भाजपा ने कांग्रेस या कहें भूपेश बघेल पर सोशल मीडिया में पोस्टर जारी कर फिर से हमला कर दिया है.

छत्तीसगढ़ बीजेपी ने सोशल मीडिया में पीएम आवास को लेकर कांग्रेस पर या कहें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधा है. पोस्टर में कांग्रेस के कुशासन और भाजपा के सुशासन का फ्र्क दिखाया गया है, जिसमें एक तरफ जहां पूर्व सीएम भूपेश बघेल के हाथ में आवास रद्द का पर्चा दिखाया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हितग्राहियों को पीएम आवास की चाबी देते नजर आ रहे हैं.

भाजपा ने पोस्टर से साथ लिखा है कि कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश के जरूरतमंद परिवार मन के पक्का घर के हक ला छीन ले गे रिहिस, फेर आज सुशासन के सरकार म गरीब परिवार मन के सपना साकार होवत हे। मुख्यमंत्री @vishnudsai के प्रयास ले प्रदेश ला 3.65 लाख अतिरिक्त पीएम आवास के स्वीकृति मिलिस। अब गांव-गांव म बनत हे पक्का घर, बढ़त हे रोजगार अउ मजबूत होवत हे परिवार मन के भविष्य। इही तो फ्र्क हे, कांग्रेस के कुशासन अउ भाजापा के सुशासन म।

## खिलाड़ियों ने दिखाए कबड्डी के दांव



रायपुर, 13 सितम्बर। पोला तिहार के पावन अवसर पर ग्राम नवागांव (भाठासोरही) में कबड्डी प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के अलग-अलग ग्रामों से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और मैदान में अपने खेल कौशल एवं दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन में भाजपा किसान नेता एवं सर्व सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी विशेष रूप से शामिल हुए कार्यक्रम में पहुंचने पर योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने खिलाड़ियों से आत्मीयता के साथ बातचीत करते हुए प्रतियोगिता के अनुभव, खेल के प्रति उनकी रुचि और आगे की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं।

## मोदी का जन्मदिन 'सेवा पखवाड़ा' के रूप में मनाएगी भाजपा

**रायपुर, 13 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को आने वाले जन्मदिन को लेकर पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में रेलवे स्टेशन स्थित 'श्री सर्व धर्म संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति' परिसर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा शामिल हुईं, जिनका कार्यकर्ताओं ने बैंड-बाजे और फूल-मालाओं के साथ आतिशी एवं भव्य स्वागत किया।

बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद लक्ष्मी

### खारून नदी में महाआरती और विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन: लक्ष्मी वर्मा



वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का पावन पर्व भी है, इसलिए देश के निर्माण में तत्पर प्रधानमंत्री का जन्मदिन 'देश के शिल्पकार' के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि छत्तीसगढ़ में 17 सितंबर से लेकर 17 अक्टूबर तक पूरे एक महीने 'सेवा पखवाड़ा' के रूप में विभिन्न जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रवक्ता राजकुमार राठी ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल और उनके जन्मदिवस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल का यह 25वां जन्मदिन है, जिसे राजधानी रायपुर में 'सेवा पखवाड़ा' के रूप में अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में खारून नदी को मां गंगा का ही पवित्र रूप माना जाता है। इसी आस्था के तहत 17 सितंबर की शाम ठीक 6:00 बजे महादेव घाट पर खारून गंगा आरती का महाआयोजन होगा। इसके अतिरिक्त, शहर भर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविरों के जरिए जनसेवा के कार्य किए जाएंगे।

### छत्तीसगढ़ के 50 लाख छात्रों तक पहुंचेगी बीजेपी

**रायपुर, 13 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के मौके पर भाजपा देशभर में व्यापक स्तर पर सेवा संकल्प अभियान शुरू कर रही है। 17 सितंबर से शुरू होकर 1 माह तक यानी 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेगा अभियान का मुख्य फोकस आज की युवा पीढ़ी यानी जेन-जी को अपने साथ जोड़ना है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि पार्टी इस अभियान के जरिए सीधे तौर पर नए और युवा मतदाताओं के उस वर्ग को साधने में जुटी है, जो भविष्य के भारत की दिशा तय करेगा। इसमें बीजेपी छत्तीसगढ़ के 25 हज़ार स्कूलों के 50 लाख छात्रों तक पहुंचेगी। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि आज की पीढ़ी सिर्फभाषणों से नहीं, बल्कि जुड़ाव, रचनात्मकता और तकनीक से प्रभावित होती है। इसी नब्ज को पहचानते हुए बीजेपी ने इस महीनेभर चलने वाले अभियान के अंतर्गत युवाओं और छात्रों को लुभाने के लिए विशेष रूप से कई आकर्षक प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का ताना-बाना बुना है। पार्टी की रणनीति स्पष्ट है कि आधुनिक भारत के निर्माण में जेन-ज़ी की ऊर्जा और उनके आइडियाज को प्रमुखता दी जाए।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26